वर्ष 23, अंक 255, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 9 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

हरियाणा में बीजेपी की बहुमत वाली सरकार

हरियाणा में 'हैट्रिक' पर बीजेपी का जश्न

हरियाणाः हरियाणा विधानसभा की 90 विधानसभा सीटों के लिए पांच अक्टूबर को मतदान हुआ था और मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो गई है. हरियाणा की 90 सीटों के लिए 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं सहित कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में हैं.

हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा सीटों पर मंगलवार को मतगणना हो रही है. मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हो गई है. हरियाणा में हुए चुनावों में आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीत गए हैं. वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस की विनेश फोगाट भी जीत चुकी हैं.

हरियाणा की 90 सीटों के लिए 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं सहित कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में हैं. इन सीटों पर 5 अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था. सूबे में 67.90 फीसदी मतदान हुआ. इस बार बीजेपी को राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद है जबकि कांग्रेस एक दशक बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है. इस चुनाव में मुख्य रूप से बीजेपी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, इनेलो-बसपा और जेजेपी-आजाद समाज पार्टी शामिल हैं.

बीजेपी ने हरियाणा में जीत दर्ज कर नया रेकॉर्ड बनाया है। पहली बार लगातार किसी पार्टी की तीसरी बार सरकार बनी है। वहीं जम्मू-कश्मीर में बीजेपी का प्रदर्शन उसकी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। जम्मू रीजन में बीजेपी पहले भी लगभग इतनी सीटें जीत चुकी है और इस चुनाव में बीजेपी ने कुछ खास नहीं किया। 2014 में जब जम्मू रीजन में 37 सीटें थी तब बीजेपी इसमें से 25 सीटें जीती थी। अब जम्मू रीजन में 43 सीटों में से 29 सीटें जीती है। कश्मीर रीजन में पहले की तरह इस बार भी बीजेपी का खाता नहीं खुला है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नतीजों में बीजेपी के लिए क्या संदेश है ।

अग्निपथ, किसान आंदोलन, नाराज जाट, सारे मुद्दों की खड़ी हो गई खाट- सैनी

हरियाणा

तमाम विमर्श 60-65, 70-75 तक भी जा रहे थे। लेकिन तमाम अटकलों और अनुमानों से बेपरवाह एक शख्स खुद पर छह महीने पहले जताए गए भरोसे को सही साबित करने में लगा नजर आया। 8 अक्टूबर को जब नतीजे सामने आए तो सभी कोई हैरान रह गया। लेकिन बीजेपी की हरियाणा में मिली जीत कई मायने में नायाब है। अक्सर किसी भी टीम की जीत होती है तो उसका क्रेडिट वैसे तो सभी सदस्यों को जाता है, लेकिन उसके कप्तान को इसरा श्रेय थोड़ा ज्यादा दिया जाता है। वहीं हार के वक्त भी जिम्मेदारी कप्तान की ही होती है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में तमाम सर्वेक्षण से लेकर राजनीतिक पंडित तो कांग्रेस की जीत की कहानी लिख चुके थे। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भूपेंद्र हुड्डा, कुमारी शैलेजा और रणदीप सुरजेवाला के बीच जुबानी बयानबाजी भी शुरू हो गई थी। विश्लेषकों को लग रहा था कि हरियाणा में कांग्रेस जीत तो रही ही है, बस बीजेपी कितना नीचे जाती है और कांग्रेस अधिक से अधिक कितनी सीटें ला पाती है। तमाम विमर्श 60-65, 70-75 तक भी जा रहे थे। लेकिन तमाम अटकलों और अनुमानों से बेपरवाह एक शख्स खुद पर छह महीने पहले जताए गए भरोसे को सही साबित करने में लगा नजर आया। 8 अक्टूबर को जब नतीजे सामने आए तो सभी कोई हैरान रह गया। लेकिन बीजेपी की हरियाणा में मिली जीत कई मायने में नायाब है। राज्य में सत्ता की हैट्रिक लगाने में वो कामयाब रही। चुनाव से पहले सीएम फेस बदलने का फैक्टर एक बार फिर से हिट साबित हुआ। तीसरे दल के रूप में उभरने की और किंगमेकर बनने की आम आदमी पार्टी की उम्मीदों पर झाड़ू फिर गया।

लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद के पहले चुनावी परीक्षण से पहले ही नायब सिंह सैनी हर परिस्थिति यानी जीत हो या हार सभी की जिम्मेदारी लेनी के लिए तैयार नजर आए। 8 अक्टूबर की सुबह वोटों की गिनती

शुरू होते ही इंडिया उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीत की जिम्मेदारी पूरी पार्टी की है. साथ ही हार की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी लेने को लेकर भी वह स्पष्ट थे। उनका ये रुख मजबूत नेतृत्व और जिम्मेदार राजनेता की छवि को दशार्ने के लिए काफी है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अगर हम हारते हैं, तो जिम्मेदारी मेरी है। आखिरकार, मैं इस अभियान का फेस हूं। लेकिन मुझे अपनी जीत पर पूरा भरोसा है। हालाँकि, सैनी अन्य बीजेपी नेताओं की भांति प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करने से नहीं चूंके। बल्कि मोदी के नेतृत्व तुलना धर्म (धार्मिक) और अधर्म (अधर्म) के बीच की लड़ाई-कुरुक्षेत्र की लड़ाई में पार्टी का मार्गदर्शन करने से कर दी। नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की जीत ने कई कारकों को खारिज कर दिया जो अन्यथा उनकी सफलता में बाधा बन सकते थे।

खट्टर गॉन सैनी ऑन

नायब सिंह सैनी का मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने की टाइमिंग भी काफी दिलचस्प रही। सीएम पद से इस्तीफे के बाद मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री का पद संभाला। वहीं सैनी को मार्च 2024 में नए मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।

यह परिवर्तन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ, एक ऐसा समय जो भाजपा के लिए अनिश्चितता से भरा हो सकता था। खट्टर पर्दे के पीछे रहकर सैनी का पूरा सहयोग करते नजर आए। सीएम पद को लेकर सैनी वैसे भी खट्टर की पहली पसंद थे।

हरियाणा की जनशक्ति को पीएम मोदी ने किया नमन

यह विकास और सुशासन की जीत- मोदी



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल की है। इसी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा का हृदय से आभार जताया है। मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है। इसी का नतीजा है कि भाजपा को हरियाणा में यह ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है।

वहीं, जम्मू-कश्मीर के नतीजों पर मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ये चुनाव बेहद खास रहे हैं। अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने के बाद पहली बार आयोजित किया गया और इसमें भारी मतदान हुआ, जिससे लोकतंत्र में लोगों के विश्वास का पता चला। मैं इसके लिए जम्मू-कश्मीर के प्रत्येक व्यक्ति को बधाई देता हूं।

मोदी ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है। मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमारी पार्टी को वोट दिया और हम पर भरोसा जताया। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे।' मैं हमारे कार्यकताओं के मेहनती प्रयासों की भी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में सराहनीय प्रदर्शन के लिए जेकेएनसी को बधाई देना चाहता हूं।

'विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को जनता ने सिखाया सबक', BJP की जीत के बाद अमित शाह का राहुल पर वार

भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल करती हुई दिख रही है। वहीं, कांग्रेस काफी पीछे रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में भाजपा की यह प्रचंड जीत किसानों, गरीबों, पिछड़ों, जवानों और युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अटूट विश्वास की जीत है। भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के



लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चाहे केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी जी का चुनकर आना हो या हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में बार-बार भाजपा सरकार का बनना, यह दशार्ता है कि भारतीय राजनीति में मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रदर्शन की राजनीति के नए युग की शुरूआत की है, उसमें जनता का अटूट विश्वास है।पहले लोकसभा चुनाव में और अब हरियाणा में, वोट लेने के लिए झूठे और हवाई वादे करने वाली कांग्रेस को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और जमीन पर डिलीवर करने वाली भाजपा के साथ जनता चट्टान की तरह खड़ी है।

पहली बार शांतिपूर्ण हुए चुनाव, घाटी में लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ

नई दिल्ली

भाजपा नेता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने भाजपा को इस विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद दिया है और भाजपा को अब तक के इतिहास में सबसे अधिक सीटें दी हैं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाता दिख रहा है। इस केंद्र शासित प्रदेश में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए

जाने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव कराए गए। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य से अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के साथ ही राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को 29 सीटें मिली हैं।

जनता ने बता दिया हरियाणा के 3 ही लाल, चौथा नहीं

हरियाणा

पहले तो पार्टी की तरफ से हरियाणा प्रचार की कमान संभालते हुए सुनीत केजरीवाल विभिन्न मंचों से केजरीवाल की गारंटी का दावा करती नजर आती हैं। फिर खुद को हरियाणा का लाल बताने वाले केजरीवाल खुद मैदान में उतरते हैं। केजरीवाल के गृह राज्य हरियाणा में आप अकेले चुनाव लड़ी और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में विफल रहने के बाद 89 उम्मीदवार मैदान में उतारे। हरियाणा प्रदेश के तीन 'लाल' की चर्चा होना भी लाजिमी है। यानी देवीलाल, बंशीलाल और भजनलाल।

करोड़ों की कोठी, लग्जरी कारें, सोने के गहने... MLA बन चुकीं विनेश फोगाट के पास कितनी संपत्ति

नई दिल्लीः ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के रण में सबको पटखनी देते हुए जीत हासिल की है। फोगाट ने मंगलवार को हरियाणा में जुलाना विधानसभा सीट से अपना पहला चुनाव जीत लिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के योगेश कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया। ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद भारत लौटने पर विनेश ने खेल से संन्यास लेते हुए कांग्रेस ज्वॉइन की और अपने ससुराल जुलाना से चुनाव लड़ा। चलिए एक नजर डालते हैं विनेश फोगाट की कुल नेटवर्थ पर...

25 अगस्त 1994 को हरियाणा के चरखी दादरी में पैदा होने वाली विनेश फोगाट पहवानों के परिवार से आती हैं। गीता फोगाट, बबीता फोगाट उनकी चचेरी बहनें हैं। विनेश की कमाई के एक नहीं बल्कि कई साधन हैं। वह पहलवानी, एडर्समेंट और सरकारी पुरस्कारों से पैसे कमाती हैं। विनेश को उनकी उपब्धियों के लिए युवा और खेल मंत्रालय की ओर से सालाना छह लाख (50 हजार रुपये महीना) की सैलरी मिलती है। ब्रांड प्रचार के लिए वह प्रति डील 75 लाख से 1 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं।

2024 पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट की कुल संपत्ति 5 करोड़ रुपये बताई गई थी, लेकिन अब इसमें जबरदस्त उछाल आया है।

टाइम्स नाउ और एशियानेट न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी मौजूदा कुल संपत्ति 36.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। अपनी बढ़ती संपत्ति के साथ, विनेश फोगाट ने कई महंगी संपत्तियों में निवेश किया है जो उनकी सफलता को दशार्ती हैं।

हार ही नहीं कांग्रेस को इन दो मोर्चों पर भी मिली मात

नई दिल्लीः कांग्रेस को हरियाणा चुनाव में जोर का झटका लगा है। 5 अक्टूबर को वोटिंग के बाद आए लगभग सभी एग्जिट पोल में पार्टी की जबरदस्त जीत का दावा किया गया था। हालांकि, जब जनादेश सामने आया तो कांग्रेस की जीत के जश्न को लेकर हुई सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। बीजेपी ने इस चुनाव में हैट्रिक लगाई और पार्टी अब तीसरी बार सरकार बनाने जा रही। कांग्रेस की बात करें चुनावी कैंपेन की शुरूआत तो पार्टी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरी। हालांकि, धीरे-धीरे पार्टी के अंदर का अंतर्कलह खुलकर लोगों के सामने आ गया। एक तरफ पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का खेमा था तो दूसरी तरफ दलित नेता कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा थीं। हुड्डा और सैलजा के बीच का घमासान कहीं न कहीं पार्टी के खिलाफ गया। इस चुनाव से कांग्रेस को केवल हार ही नहीं मिली, उसे दो और मोर्चों पर झटका भी लगा है। जानिए पूरा मामला क्या है। हरियाणा में चुनाव परिणाम आने से ठीक दो दिन पहले से ही दिल्ली में कुमारी सैलजा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा दोनों डेरा डाले बैठे थे। दोनों में से कोई भी चुनाव नतीजों के साथ सीएम पद को लेकर अपनी दावेदारी ठोंकने में देर करने के मूड में नहीं था।

हरियाणा में जीत का बिहार 'बूस्टर डोज' कनेक्शन, नीतीश, चिराग और मांझी पर सीधा सियासी असर

पटनाः हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम बीजेपी के लिए बूस्टर डोज से कम नहीं। हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम न केवल झारखंड विधानसभा बल्कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को तो प्रभावित करेगा ही साथ ही साथ बिहार की राजनीति में सीटों की हिस्सेदारी को भी प्रभावित करेगा। साथ ही पाला बदलने जैसे प्रकरण को अब विराम मिलता भी नजर आएगा। हाल के राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर डालें तो एनडीए गठबंधन में इन दिनों प्रदेश बीजेपी पर लगातार दबाव बनाया

जा रहा है। ये दबाव कई तरीके से पक्ष और विपक्ष भी बनाने में लगे हैं। आइए जानते हैं कैसे दबाव झेल रही थी प्रदेश भाजपा।

जेडीयू की भूमिका

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम के बाद जेडीयू का मनोबल सिर चढ़ कर बोल रहा था। स्थिति ये थी कि जेडीयू लोकसभा चुनाव में स्ट्राइक रेट की सीढ़ी चढ़ कर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका का दावा करने लगी।

तर्क ये दिया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर लड़ कर 12 सीटों पर जेडीयू ने जीत हासिल की। पर बीजेपी 17 सीटों पर चुनाव लड़ कर 12 पर जीत हासिल की। अपने इस स्ट्राइक रेट के हवाले से जेडीयू ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी 120 सीटों पर लडने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया था।

जेडीयू झारखंड प्रकरण

झारखंड विधानसभा चुनाव प्रकरण पर ही बात करें तो जेडीयू के रणनीतिकारों ने बीजेपी के ऊपर ज्यादा से ज्यादा सीट हासिल करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

पीड़ित मानवता की मदद एवं सेवा करना ही खाकी की है शान : राजेश उपाध्याय

अखंड भारत संदेश

समहन टिकुरी सड़क हादसा - मृत छात्रा रिद्धि मिश्रा के परिजनों को 50 हजार की आर्थिक मदद देकर मेजा पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल,खाकी हुई गौरवान्वित, इलाके में जमकर हो रही है प्रशंसा

मेजा। कुछ दिनों पहले मेजा के समहन टिकुरी गांव में हुए सड़क हादसे में मृत छात्र रिद्धि मिश्रा के परिजनों को मानवता दिखाते हुए थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने थाने में तैनात पुलिस स्टाफ के वेतन से चंदा एकत्रित कर 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद किया है। ऐसे में मेजा पुलिस की इस अनोखी पहल की हर तरफ प्रशंसा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मेजा थाना क्षेत्र के समहन टिकुरी गांव के समीप प्रयागराज मिजार्पुर हाइवे पर ट्रेलर द्वारा हुए सड़क हादसे में समहन गाव की रहने वाली सरस्वती उर्फ रिद्धि मिश्रा पुत्री स्व हरे कृष्णा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे के बाद डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव सहित तमाम क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और मदद का आश्वासन भी दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को डीसीपी यमुनानगर के निर्देश पर मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय साहित थाने में तैनात पुलिस स्टाफ कर्मियों ने हादसे में मृत छात्रा के घर पहुंच कर पचास रुपये की आर्थिक सहायता मदद के रूप में करके खाकी विभाग को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि डीसीपी यमुनानगर के नेतृत्व में कभी अपराधिक क्षेत्र तो कभी मानवीय क्षेत्रों में बड़े तथा अजीबो गरीब कारनामा कर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय और उनके सहयोगी स्टाफ कर्मियों की इस अनोखी पहल की पूरे इलाके में न सिर्फ काफी प्रशंसा हो रही है बल्कि खाकी विभाग भी गौरवान्वित हुआ है। बता दें कि मेजा पुलिस द्वारा दी जा रही आर्थिक मदद के दौरान आंखों में आसूं लिए परिजनो को भाऊक होते देख कोतवाली मेजा प्रभारी भी भाऊक हो परिजनों को ढांढस बंधाते हुए का कहा कि पीड़ित मानवता की मदद तथा सेवा करना ही खाकी की शान एवं पहचान है। इसके पूर्व भी उक्त हादसे को लेकर डीसीपी व एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता तथा कई अन्य सामाजिक संगठनों के लोगो द्वारा भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

मांडा के परिषदीय विद्यालय में बड़े पैमाने पर अनियमितता, 39 में 10 छात्र उपस्थित, विभागीय कार्रवाई के लिए लिख पत्र : एडीओ पंचायत मांडा

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत परिषदीय विद्यालय पूरा पांडेय का एडीओ पंचायत रमा कांत पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया, जहां कई गंभीर अनियमितताएं पायी गई । एडीओ पंचायत ने बताया कि मध्यान भोजन रजिस्टर में 39 छात्रों की हाजिरी दिखाई गई, लेकिन सिर्फ 10 छात्र उपस्थित थे, जिनमें से 5 आंगनबाड़ी से जुड़े थे। एडीओ श्री पांडेय ने कहा, ह्लयह गंभीर मामला है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्कूल के कम्पोजिट ग्रांट से निकाले गए 25 हजार रुपये का बिल और बाउचर गायब मिले, जो आर्थिक अनियमितता को दशार्ता है। उन्होंने आगे कहा, ह्लउपस्थित पंजिका में बीते 27 सितंबर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के हस्ताक्षर भी दर्ज नहीं मिले, जो यह दशार्ता है कि स्कूल में नियमितता की कमी है। एडीओ पंचायत ने शैक्षणिक कर्मियों को सख्त फटकार लगाई और विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। इस मामले में आगे की जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सरायममरेज पुलिस ने पूजा पंडालों में महिलाओं को किया जागरूक

जंघई। प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति फेस-5 के अनुपालन में थाना प्रभारी सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह के निर्देशन में सोमवार रात्रि में 90 दिवस के कार्यक्रम के क्रम में प्रथम 10 दिवस के चलाए गए अभियान गरुड़ के तहत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति की महिला पुलिस अधिकारियों उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी, उप निरीक्षक आराधना सिंह, उप निरीक्षक कुमकुम कठेरिया तथा वरिष्ठ उप निरीक्षक अरुण कुमार, उप निरीक्षक सौमित्र सिंह के द्वारा भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडाल व रामलीला मंच के माध्यम से बालिकाओं को उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश निर्देश के बारे में बताया गया तथा महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्जवला योजना, कौशल विकास योजना, सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधित आयुष्मान योजना एवं साइबर क्राइम, आईटी एक्ट के अपराध आदि के साथ साथ विभिन्न हेल्पलाइन न.- वूमेन पॉवर लाइन 1090, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 साइबर हेल्पलाइन नंबर- 1930 आदि के बारे में के विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए।

न्यूज झरोखा

आठवीं के छात्र अंश नामदेय ने बनाई मां दुर्गा की प्रतिमा

बारा। कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में कक्षा आठवीं के छात्र अंश नामदेव ने शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई है। छात्र के द्वारा बनाई गई प्रतिमा काफी आकर्षक है। अंश नामदेव को शुरू से ही कला में रुचि रही है। विद्यालय में होने वाली कला प्रतियोगिता में सदा अव्वल स्थान प्राप्त करता है। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, अध्यापक धर्मराज कुशवाहा, सौरभ प्रकाश, राजेश गोस्वामी, रीना गोस्वामी रितु सुसारी, मीरा श्रीवास्तव, वंदना शुक्ला, स्मिता राव आदि ने अंश नामदेव के इस अदभुत कलाकृति के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

पैसे के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट कई घायल

उतरांव थाना क्षेत्र के बलकसराय सराय इसमाइल में पैसे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। वहीं एक पक्ष को गंभीर चोटे आई है तथा दूसरे पक्ष को भी चोटे आई हैं। दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने एक पक्ष से केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। सराय इस्माइल बलकसराय निवासी विवेक यादव व अखिलेश में पैसे को लेकर विवाद था। जिसको लेकर मंगलवार को दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए। वहीं दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष से विवेक यादव व उसकी बहन मां को चोटे आई हैं। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी तो पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर शांति भंग में चालान किया। वहीं दूसरे पक्ष से दूलराज, धनराज व अखिलेश को भी चोटे आई हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरियाणा में प्रचंड जीत पर भाजपाई एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया

सहसों। भारतीय जनता पार्टी के सहसों कार्यालय पर हरियाणा में भाजपा के तीसरी बार प्रचंड बहुमत पर गदगद भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया। इस मौके पर भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने केन्द्रीय नेतृत्व को बधाई देते कहा कि जनता ने विकास पर विश्वास कर देश की प्रगति और उन्नति में अपनी भागीदारी करते हुए भाजपा के पक्ष में मताधिकार का प्रयोग कर विकास के पहिए को आगे बढ़ाया है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी, जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, लालजी दुबे , अमन सिंह राजपूत, शनी सिंह, मनोज कुमार, सूरज कुमार , कमल राज सिंह आदि रहे।

कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री राधाकृष्ण मंदिर बनकर तैयार

जंघई। कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर प्रांगण में श्री राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण करवाया गया है। यह मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं भक्तों के सहयोग से बनाया गया है रविवार को आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण एवं पूजन अर्चन से मंदिर की छत पड़ने पर भक्तों ने प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्टी एवं ग्राम प्रधान हरिप्रसाद मिश्र गिल्लू, अशोक कुमार तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, काशीनाथ शुक्ल, अनिल कुमार मिश्रा, शिवा पांडेय, कैलाशनाथ पांडेय, संतोष पांडेय, छोटेलाल पांडेय, संगम लाल पांडेय, मुन्ना पांडेय, अनिल पांडेय, शेरा शुक्ला, पंकज पांडेय, आद्या प्रसाद पांडेय, नन्हें पांडेय, जितेंद्र पांडेय, संजय तिवारी एवं क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। कलकत्ता के राज मिस्त्रियों ने गुणवत्ता पूर्ण निर्माण इंजीनियर के देखकर में किया है। मंदिर में लगने वाली सामग्री सुशील पांडेय लौह उद्योग, कंक्रीट ठेकेदार विकास पाठक एवं मंदिर छत निर्माण में श्रीधर बिंद इकत्तीस सौ, विकास पांडेय द्वारा ग्यारह सौ का सहयोग किया गया।

बभनियांव देवी कृपा मित्र मंडल पंडाल में मां कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना

जंघई। शारदीय नवरात्रि में देवी कृपा मित्र मंडल पंडाल बभनियांव तिराहे पर प्रतिदिन सुबह शाम भक्तों द्वारा पूजन-अर्चन किया जा रहा है। नवरात्रि के छठवें दिन मां कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना आरती किया गया मान्यता है कि कात्यायनी मां की पूजा करने से भक्त को अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। देवी कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना जाता है मां चार भुजाधारी और सिंह पर सवार हैं उन्होंने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प धारण किया हुआ है अन्य दो हांथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं मान्यता है कि कात्यायनी स्वरूप की पूजा करने से भक्त को अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पंडाल में श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन किया गया है जिसमें कथा श्रवण करके लोग पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूजन अर्चन आरती में प्रतिदिन आलोक उपाध्याय, मुन्ना उपाध्याय, अश्विनी उपाध्याय अमित उपाध्याय, प्रदीप सिंह, श्याम यादव, विनोद सिंह, वेद उपाध्याय, रितिक मिश्रा, गोरे शर्मा, रिंकू उपाध्याय, विनोद यादव, मुरारी सिंह, अनुज, राजवीर, रमेश, मुन्ना सुपरवाइजर, सुभाष शर्मा, तुलसी सिंह, सर्वेश, रंजीत, सतीश, पवन, आदर्श, लकी, छोटू, अनुज, शिवम सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहते हैं।

मऊआइमा में निकला बडी धूमधाम से रामबारात





मऊआइमा। राम बाग में चल रहे राम लीला मंचन के तहत मऊआइमा कस्बा के सदर बाजार से राम बारात को अध्यक्ष सचिन साहू तथा एडवोकेट अखिलेश साहू ने आरती उतार का रामबारात को रवाना किए। राम बारात गाजे बाजे के साथ तीन बत्ती, सदर बाजार,नाटी इमली,चुनौटा कुआं, गांजियाबजार होते हुए राम बाग पहुंचा जहां जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा स्वागत किए।रामबाग पहुंचने पर राम बारात का रामलीला समिति के महामंत्री मुदित खत्री एंव मनीष साहू ने आरती उतार कर स्वागत किए।राम बारात शोभा यात्रा में अशोक कुमार, विनोद मोदनवाल,रवि साहू, प्रवीण केसरवानी,बनारसी साहू,रामजी, नन्दलाल मौर्या, संजय साहू, विन्देशरी केसरवानी, अनिल कुशवाहा, दिलीप केसरवानी, राहुल मौर्या,शनि खत्री,नरेश केसरवानी, शिवमूरत साहू,सूरज केसरवानी आदि मौजूद थे।

खेलकूद प्रतियोगिता में 18 विद्यालयों ने लिया हिस्सा

हनुमानगंज। जमुनीपुर स्थित मोती लाल नेहरू इण्टर कालेज मंगलवार से तीन दिवसीय 68वीं सम्भागीय युवक समारोह गंगापार ब का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा गंगापार के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अश्विनी दुबे ने सम्भाग का औपचारिक उद्घघाटन ध्वज फहरा कर किया। प्रधानाचार्य मेजर विमल कुमार उत्तम ने आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नारायण मिश्र प्रवक्ता ने किया। इस दौरान प्रतियोगिता में 800 मी0 दौड़, 400मी0 दौड़, गोला फेक, तावा फेक ,लम्बी कूद सहित अन्य खेलो में फूलपुर सम्भाग के 18 विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तिलक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज सिंह, महर्षि दुवार्षा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य लवकुश सिंह, डॉ0 उमेश प्रताप सिंह, डॉ0 विनय कुमार शुक्ल, विवेक कुमार श्रीवास्तव , उपेन्द्र कुमार वर्मा, खेल शिक्षक संजय कुमार, राम सागर मौर्य, अरुण कुमार दुबे, समरेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव शुक्ला, अमर पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

पूजा पंडालों में आरती के समय बिजली न रहने से मां के भक्त परेशान,विभाग के प्रति आक्रोश

मेजा। मेजारोड व लालतारा फीडर द्वारा की जा रही विजली कटौती से नवरात्रि पर्व में स्थापित मां दुर्गा पूजा पंडालों में शाम तथा सुबह के वक्त छाया रहता है। परिणाम स्वरूप मां के भक्तों में विभाग के प्रति इन दिनों व्यापक आक्रोश कायम है। उल्लेखनीय है कि विकास खण्ड मेजा संबंधित कोहड़ार मेजारोड व लालतारा फीडर की विजली पूजा पंडालों में आयोजित होने वाली मां की आरती के समय अक्सर गायब रहती है जिसके कारण पूजा पाठ तथा मां की आरती करने वाले भक्तों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि इस संबंध में कई बार विभाग के कर्मचारियों से स्थानीय लोगों ने शिकायत किया लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब से नवरात्रि के पर्व की शुरूआत हुई है इन फीडरो की बिजली कटौती अधिक कर दी गई है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि नवरात्रि में कोई विशेष व्यवधान न हो तो बिजली कटौती न की जाय लेकिन सीएम के इस आदेश का विभाग पर कोई असर नहीं है। यह आदेश खोखला साबित हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है लोगों का कहना है यदि पूजा आरती के दौरान बिजली कटौती में सुधार न हुआ तो पावर हाउस का घेराव किया जाएगा।

स्कूली छात्राओं को गुड टच-बैड टच के प्रति किया जागरूक

करछना। मंगलवार को क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा में पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कौंधियारा थाने में तैनात मृत्यंजय कुमार और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। छात्राओं को वीमेन हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में विस्तृत चर्चा की। नवरात्रि के समय छात्राओं को उनकी शक्ति का अहसास कराया, कहा आप कभी भी रास्ते में दिक्कत में हो या आपको फोन पर कोई परेशान करता है या गलत मैसेज भेजता है तो आप बिना किसी भय के पुलिस की मदद ले सकती है, छात्राओं को गुड-टच, बैड-टच, साईबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, मानव तस्करी, नशा के दुष्प्रभाव आदि की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा विशेष दल की एसआई निधि सिंह चौहान ने बताया कि छात्राएं अपनी सुरक्षा के लिए कैसे तैयार रह सकती हैं और किस प्रकार की स्थिति में पुलिस की मदद लेनी चाहिए। इसके अलावा, उन्हें आत्मरक्षा के तरीके भी सिखाए गए। छात्राओं को 1090 के अलावा डायल 102,108,112,1930 आदि नंबर के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान एसआई मृत्यंजय कुमार,एसआई आरती पटेल,एसआई प्रीति कुमारी,एसआई दिव्या गुप्ता, कॉन्स्टेबल सूर्यकांत सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक और कर्मचारी रहे।

राम चौकी पर पत्थर फेंकने वाले कि पुलिस को तलाश

झूंसी। नई झूंसी में सोमवार को राम चौकी पर पत्थर फेंके जाने का बाद राम चौकी की सुरक्षा बढ़ा दी गई। साथ ही माहौल बिगाड़ने वालो की भी पुलिस तलाश कर रही है। सोमवार को आदर्श राम लीला कमेटी द्वारा प्रभु दत्त ब्रह्मचारी मार्ग पर स्थित श्री राम मंदिर से राम लीला के कलाकार सज धज कर रथ पर सवार हो कर रामलीला मंचन के लिए रामलीला मैदान के निकले थे।

गोला बाजार नगर निगम की मार्केट के पास किसी ने राम रथ पर पत्थर फेका जो भगवान राम का किरदार निभा रहे पात्र को लगा। जिसकी वजह से माहौल गर्मा गया था। मौके पर पहुची पुलिस ने लोगो को समझा बुझा कर किसी तरह मामला शान्त कराया। कमेटी के कृष्ण कुमार अग्रवाल ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस पत्थर फेंकने वाले की तलाश कर रही है।

पहले ससुर हुआ मेहरबान,फिर डीपी एक्ट का लिखाया मुकदमा भेजा गया जेल

उच्च अधिकारियों के आदेश पर लिखा गया डीपी एक्ट का मुकदमा

वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़कर किया चालान

उतराव। उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गाँव में फांसी के फंदे से लटककर विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें वांक्षित विवाहिता के पति को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। आपको बताते चलें कि सदरेपुर गांव निवासी रामकरन पासी अपनी पुत्री एकता की शादी लगभग 11 माह पहले मंडौर गांव निवासी अजय पसी के साथ की थी। बताया जाता है कि दोनों का लव मैरिज था। लेकिन साल भर ही नहीं बीता था कि दोनों में दरार पड़ गई। 11 सितंबर की रात अजय और एकता एक ही कमरे में सोए थे। पति अजय सोता रहा है और एकता ने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी थी। सूचना पुलिस को हुई तो उतरांव पुलिस से मौके पर पहुंचकर पति समेत ससुराली जनों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन रामकरन ने बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराने से साफ इनकार कर दिया। फिर भी पुलिस ने विवाहिता का पोस्टमार्टम करा करके गिरफ्तार ससुरारी जनों को छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद रामकरन पासी अपने बयान से मुकर गया। थाने पर पहुंचकर बेटी के ससुराली जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करना चाहा। वही अफसरों के आदेश पर उतरांव पुलिस ने मृतिका एकता के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसके पति अजय पुत्र राम बली निवासी मंडौर थाना उतराव को मंगलवार को महंगू पुर मोड़ से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से तेज तर्रार उपनिरीक्षक रितेश चंद उपाध्याय, अभिषेक यादव,सिपाही अनिल कुमार साहीमा बानो रही।

हरियाणा की जनता ने मोदी के विकास और विश्वास पर लगाई है मोहर : योगेश शुक्ल

मेजा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने हरियाणा राज्य में पार्टी के प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर एक बार पुनः हरियाणा की जनता ने मोहर लगा कर यह सिद्ध कर दिया है कि देश में भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो समाज के ऊपर से लेकर अंतिम व्यक्ति तक चिंता करने वाली पार्टी है। श्री शुक्ल ने आगे कहा आज देश का हर गरीब,नौजवान,किसान मजदूर भारतीय जनता पार्टी में विश्वास और आस्था के रूप में देख रहा है। जिस प्रकार से हरियाणा के लोगो ने मोदी जी और भाजपा के सुशासन और विकास पर मोहर लगाई है उसी प्रकार से आने वाले अन्य राज्यो के चुनावों में भी उन राज्यों की जनता भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

जनता का विश्वास, सरकार का सराहनीय कार्यों की है जीत : महापौर

सहसों। सरकार द्वारा विकास के लिए किए गए सराहनीय कार्य एवं जनता का विश्वास ने हरियाणा में भाजपा के प्रचंड जीत पर कादीपुर में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रयागराज के महापौर गणेश उमेश केसरवानी की उपस्थिति में जश्न मनाया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा पटाखे फोड़ते हुए सरकार के काम की तारीफ की। इस मौके पर महापौर ने कहा हरियाणा की जनता ने सरकार के काम में विश्वास एवं सराहना कर प्रदेश व देश की तरक्की के साथ हर आम जनमानस के खुशहाली एवं समृद्धशाली होने के लिए अपना पूर्ण समर्थन देकर तीसरी बार सरकार बनाई है। सरकार विश्वास पर खरा उतरते हुए सभी जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके भूपेन्द्र मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज पासी, मण्डल अध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व सभासद राम केसरवानी, सभासद नन्हे, पुष्कर सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

पूजा पंडाल में शिव 22पार्वती विवाह होते ही लगा माता का जयकारा

सहसों। शारदीय नवरात्रि के इस पावन अवसर पर क्षेत्र में गांव-गांव भक्तों द्वारा पूजा पंडाल में जगत जननी की मूर्ति का स्थापना कर पूजन अर्चन धूप एवं महा आरती कर माता रानी का कल्याण हेतु आशीर्वाद ले रहे हैं। वहीं जगराता करते हुए भक्तों ने सुंदर कलाकारों द्वारा तरह-तरह की आकर्षक झांकियों के साथ अभिनय एवं भजन कीर्तन कर माता रानी के उपासना में लगे हुए हैं। इसी तरह क्षेत्र के कादीपुर गांव स्थित जय मां दुर्गा कमेटी द्वारा पूजा पंडाल में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रोचार से भक्तों ने मां जगदंबा की पूजन अर्चन एवं उपासना करने जुटे हुए हैं। इस अवसर पर नवरात्रि के पांचवें दिन सुंदर कलाकारों द्वारा शिव पार्वती विवाह का दृश्य दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया गया। इस दौरान भक्तों एवं कमेटी के द्वारा गाजे बाजे के साथ शिव बारात पंडाल तक लाई गई तत्पश्चात शिव पार्वती के गले में वरमाला पहना कर विवाह का संपन्न हुआ। शिव पार्वती का विवाह होते ही दर्शकों ने उत्साह के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती की जयकारा करने लगे और पूरा पंडाल माता के जयकारा से गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात महा आरती उतारकर भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर कमेटी के प्रबंधक राजू पटेल, मानसिंह प्रजापति, प्रेमचंद पटेल, डॉ दीपचंद प्रजापति, शिवदीप, महावीर, रमेश विश्वकर्मा, शिवकुमार, लालता प्रसाद प्रजापति, सौरव एवं भीम सहित भारी संख्या में भक्त नर नारी मौजूद रहे।

मां दुर्गा सच्चा दरबार में उरुवा में विशाल गरबा एवं डांडिया नृत्य का आयोजन आज

मेजा। नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर मंडप गेस्ट हाउस में संचालित मां दुर्गा सच्चा दरबार में सप्तमी के दिन विशाल गरबा एवं डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मां दुर्गा सच्चा दरबार के पुजारी विनोद मिश्रा ने देते हुए क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ साथ युवतियों एवं महिलाओं को उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और मां का आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील किया है।

बाइक सवार दम्पत्ति जख्मी

मऊआइमा। सड़क पर घूम रहे सांड को बचाने के चक्कर में बाइक सवार दम्पत्ति अचानक ब्रेक लगा देने से गिर पडे जिससे दोनों जख्मी हो गए। फाफामऊ क्षेत्र के प्रताप बहादुर और उनकी पत्नी सोना देवी बाइक से रिश्तेदारी जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे दोनों ग्राम रोझियात के निकट पहुंचे सड़क पर सांड आ जाने से बाइक से दोनों गिर पडे।और दोनों को गंभीर चोटों आयी है। बताया गया है कि निजी अस्पताल में उपचार कराने बाद दोनों चले गए।

रंजीत,अरमान,आरुती, स्वेच्छा और मान्या ने जीती दौड़

खेल से होता है सर्वांगीण विकास : संदीप पटेल

68 वीं तहसील स्तरीय दो दिवसीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

बारा। विकास खंड शंकरगढ़ के शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर, खेरहट खुर्द,प्रयागराज में मंगलवार को 68 वीं तहसील स्तरीय दो दिवसीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि संदीप पटेल विधायक मेजा रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप पटेल विधायक मेजा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से खेल क्षेत्र को छोंड़कर अन्य क्षेत्रों में भी उनकी प्रतिभावों को निखरने का अवसर प्राप्त होता है,इसलिए आज के परिवेश में शिक्षा के साथ ही साथ समय समय पर खेलकूद प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक उदयभान सिंह ने किया।कार्यक्रम समापन के अवसर पर विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए।जो उपस्थित दर्शकों के मन को मोहते रहे वहीं विभिन्न विद्यालयों से एथेलेटिक्स प्रतियोगिता को लेकर आए हुए छात्र छात्राओं के उत्साह को लोगों ने काफी सराहा,इसी कड़ी में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों ने खेलकूद के इस प्रतोयोगिता को लेकर कहा कि हर वर्ष तहसील स्तर पर होने वाले इन कार्यक्रमों से क्षेत्रीय प्रतिभावों को तराशने में बल मिलता है इतना ही नही इस तराशने की प्रक्रिया में छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है वहीं एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है वहीं सबजूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में स्वेच्छा यादव प्रथम रणजीत पंडित इंटर कॉलेज लोहगरा,खुशी सिंह द्वितीय माँ चन्द्रवती इंटर कॉलेज हिनौती चंन्देल नारीबारी,आकांक्षा राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ तृतीय रहीं,400 मीटर की दौड़ में मान्या यादव राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ प्रथम,दीपंजली जमुनापार इंटर कॉलेज अमरेहा जसरा द्वितीय इसी प्रकार महिमा सिंह माँ चंद्रवती इंटर कॉलेज हिनौती चन्देल नारीबारी तृतीय रहीं,सीनियर बालक वर्ग में 400 मीटर की दौड़ में रंजीत यादव प्रथम,राहुल यादव द्वितीय तथा विकास कुमार बिंद तृतीय रहे,गोला फेंक में विजय चंद्र प्रथम,मो0 अर्श द्वितीय तथा यश शुक्ला द्वितीय रहे,जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में अरमान सिंह प्रथम,चमन कुमार द्वितीय तथा महेंद्र पटेल भी द्वितीय रहे,जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में आरुती यादव माँ चन्द्रवती इंटर कॉलेज हिनौती चंन्देल नारीबारी प्रथम,खुशी बानो राजकीय बालिका इंटर कॉलेज द्वितीय तथा शानिया हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज लालापुर तृतीय रहीं सभी सफल छात्र छात्राओं को शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर विद्यालय द्वारा मेडल,प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान किया गया तहसील स्तरीय इस एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 198 अंक पाकर राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ चैम्पियन रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, कैलाश सिंह, रामवृक्षराम,ओमराजन यादव, विनोद सिंह,संजय जायसवाल, वीरेंद्र कुशवाहा क्रीडा प्रभारी, चंचल सोनकर,ओमप्रकाश सिंह, बुद्धसेन वर्मा,राकेश सिंह, बृजेश कुमार सिंह, रंजना सिंह, आराधना सिंह, सुषमा सिंह,अलका यामिनी,राजेश कुमार केशरवानी, राजकरन सिंह, अरविंद गौतम, राकेश श्रीवास्तव सहित तहसील बारा के विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर विनोद कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट कि

पीडीए द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुंभ के दृष्टिगत प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के विभिन्न कार्यों की प्रगति समीक्षा मंगलवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदारों की उपस्थिति में विकास प्राधिकरण कार्यालय स्थित सभागार में की। जिन सड़कों का कार्य पर्ट चार्ट से पीछे चल रहा है उनके वीकली माइक्रो प्लान पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदारों से किस सड़क पर कितनी शिफ्ट में कितने लेबरों द्वारा काम कराया जा रहा है उसकी जानकारी ली। कई सड़कों पर लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में लेबरों का डिप्लॉयमेंट न होने, ठेकेदारों को प्रतिदिन के टारगेट की अधूरी जानकारी होने तथा उसको पूरा करने में बरती जा रही लापरवाही पर उन्होंने खासी नाराजगी व्यक्त की एवं सभी संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदारों को प्रत्येक दिन के टारगेट को हर हालत में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही ठेकेदारों को रिवाइज्ड वीकली माइक्रो प्लान पुनः उपलब्ध कराते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने कार्यों को पूर्ण कराने में यदि किसी तरह की समस्या आती है तो उन्हें तुरंत अवगत कराने के भी निर्देश दिए ताकि उसका निराकरण तुरंत कराया जा सके। मण्डलायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी त्योहारों की वजह से लेबर संख्या एवं नाइट शिफ्ट के कार्यों में कोई असर नहीं पड़ना चाहिए अन्यथा संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त सचिव एवं मुख्य अभियंता प्रयागराज विकास प्राधिकरण को डेली माइक्रोप्लान के टारगेट के सापेक्ष प्रतिदिन समीक्षा करते हुए डेली टारगेट पूरे हों यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाल ही में उनके द्वारा विभिन्न सड़कों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के बारे में भी उन्होंने ठेकेदारों एवं अभियंताओं को अवगत कराया तथा सभी कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ठेकेदारों द्वारा अवगत कराने पर की कुछ सड़कों पर अन्य विभागीय कार्यों में विलंब होने के कारण चौड़ीकरण के कार्यों में भी समस्याएं आ रही हैं, उन्होंने सचिव विकास प्राधिकरण को सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

एटीएम से 11 लाख उड़ाने वालों पर हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

झूंसी। स्थित एसबीआई एटीएम से 11 लाख 20 हजार 600 रुपये की धोखाधड़ी के मामले में झूंसी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड के शाखा प्रबंधक विजय कुमार की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इसमें कस्टोडियन और एजेंट की मिली भगत सामने आ रही है।

18 सितंबर 2024 को कस्टोडियन आयुष द्विवेदी और भागवत नारायण ने एटीएम में 11 लाख रुपये जमा किए थे। उस समय एटीएम में कुल 17,37,700 रुपये थी। अगले दिन, 19 सितंबर को, उन्हीं पासवर्डों का उपयोग करके एटीएम खोला गया और 11 लाख 20हजार 600 रुपये की चोरी कर ली गई। चोरी को छुपाने के लिए एटीएम का लॉक और तार काट दिए गए थे। 20 सितंबर को जब दोनों कस्टोडियन एटीएम पर गए एटीएम का लॉक टूटा हुआ मिला। इसके बाद इंजीनियर संदीप ने जांच की और एटीएम को 25 सितंबर को खोला गया। इस दौरान खुलासा हुआ कि एटीएम से 11,20,600 रुपये गायब थे। सीसीटीवी फुटेज में तीन व्यक्ति एटीएम के हुड की चाबी और मोबाइल पासवर्ड का इस्तेमाल करते दिखे। जांच में यह भी सामने आया कि 18 सितंबर की रात को आयुष, ऑडिटर आनंद राज पांडेय और अन्य लोग एक पार्टी कर रहे थे, जिसमें आयुष ने बताया कि उसका मोबाइल ऑडिटर आनंद ने ले लिया था। इस मोबाइल का इस्तेमाल अपराध में किया गया। प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने से पहले पुलिस ने संदिग्ध कस्टोडियन व एजेंट से पूछताछ की थी। हालांकि उस वक्त उन्हें छोड़ दिया गया था।

दुर्गा पार्क त्रिवेणी पुरम कॉलोनी में आयोजित हो रहा दुर्गोत्सव, 9 से 13 चलेगा कर्यक्रम

अखंड भारत संदेश

झूंसी। त्रिवेणीपुरम सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रिवेणी पुरम दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन पर्व पर 9 अक्टूबर 2024 से 13 अक्टूबर 2024 तक दसवें दुर्गोत्सव का आयोजन दुर्गा पार्क त्रिवेणी पुरम कालोनी झूसी में भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान सुबह उषा आरती के बाद प्रतिदिन रंगोली प्रतियोगिता राइटिंग प्रतियोगिता ड्राइंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम के साथ महा पूजा और संध्या आरती का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा कार्यक्रम के अंतिम दिन 13 अक्टूबर को विसर्जन रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित होगा कमेटी के अध्यक्ष आलोक तिवारी और सचिव रोहित मिश्रा ने क्षेत्र के लोगो से दुर्गोत्सव कार्यक्रम में समलित होने की अपील की है।

प्रयागराज का विकास निरंतर चलता रहेगा : गणेश केशरवानी

अखंड भारत संदेश

झूंसी। महापौर गणेश केशरवानी ने मंगलवार को झूंसी में पूरे दिन शिलान्यास में लोकार्पण कार्यक्रम में व्यस्त रहे। कटका, हवेलिया, झूंसी आजाद नगर में तीन टीयूबेल का शिलान्यास किया जिसके बाद उन्होंने वार्ड 75 कोहना में पार्षद अनिल यादव उर्फ धुन्नू की अध्यक्षता में साढ़े तीन कारोण से अधिक की लागत से बन रही व बन गई सड़क व नाली का लोकार्पण व शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि झूंसी के विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। आज झूंसी में चौथा दिन है लोकार्पण व शिलान्यास के कार्यक्रमो का अब तक झूंसी में कई करोण की लागत से सड़क व नाली का निर्माण हो चुका है और आगे भी किया जाएगा। जिसका टेंडर हो गया है विस्तरित क्षेत्र नगर की प्राथमिकता में है। विकास की रफ्तार यही नही रुकेगा निरन्तर जारी रहेगा। विकास की रफ्तार यही नही रुकेगी उसको और आगे बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगामी माह कुंभ की भब्यता व दिब्यता पूरी दुनिया देखेगी। इस दौरान लोगो ने क्षेत्र की कुछ समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह ने किया। इस दौरान महामंत्री मनोज निषाद, पार्षद गुल्फिरोज, विक्की कपूर, रवि प्रखर, राम बाबू केशरवानी, मनोज पासी, गिरिजेश मिश्रा, अमर सिंह, राजा केशरवानी, मनोज जिगिना, दुर्गेश, अवर अभियंता नगर निगम महेश कुमार राहुल, विजय आदि मौजूद रहे।

सीता ने लांघी लक्ष्मण रेखा, रावण ने किया हरण

नैनी। नैनी श्री अवंतिका रामलीला में सूर्पनखा नक-कटी, खर-दूषण वध, स्वर्ण मृग एवं सीता हरण की लीला का अत्यंत सुंदर मंचन हुआ। मंगलवार को श्री अवंतिका रामलीला का प्रारंभ सूर्पनखा नक-कटी लीला के साथ हुआ। सूर्पनखा का अभिनय देख कर बच्चों ने खूब तालियां बजाईं। सूर्पनखा के बहकावे पर खर-दूषण राम से युद्ध करने आते हैं। राम उन्हें सेना सहित पल भर में धराशाई कर देते हैं। चारों ओर जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगते हैं। राम स्वर्ण मृग के पीछे जाते हैं। सीता के जोर देने पर लक्ष्मण, लक्ष्मण रेखा खींच कर सीता को किसी भी परिस्थिति में लक्ष्मण रेखा ना लांघने की प्रार्थना करते हैं। रावण साधु का वेश धारण करके आता है, सीता लक्ष्मण रेखा पार करती हैं, रावण उनका हरण कर लेता है। लक्ष्मण रेखा हर युग में बाध्यकारी है। इसका उल्लंघन व्यक्ति को संकट ग्रस्त कर देता है। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, उदय प्रताप सिंह, गुड्डू सिंह, अरुण त्रिपाठी, राजेंद्र शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, धीरज मिश्रा, गोविंद दुबे, अंबरीश दुबे, यजुर्वेद जन्मेजय, बी बी सिंह, राधेश्याम तिवारी, संजय चतुर्वेदी, अनंत झा, बजरंगी, बिल्लू आदि उपस्थित रहे।

समाधान दिवस पर नगर निगम में हुई जनसुनवाई

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुएं फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय तथा दीपेन्द्र यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी के द्विवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा० विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, समस्त अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत तथा नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

रसूलाबाद में पति-पत्नी ने फांसी लगा कर दी जान, रात ही पति के साथ मायके आई थी महिला

प्रयागराज। शिवकुटी के रसूलाबाद में पति-पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचना भगवान दास (24) और उसकी पत्नी लक्ष्मी (20) के रूप में हुई है। युवती मूल रूप से शिवकुटी की रहने वाली थी और सोमवार रात पति के साथ मायके आई थी। युवक मूल रूप से जुगनूडीह बहरिया का रहने वाला था। पुलिस मौके पर पहुंची है। फिलहाल कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक निजी वाहन चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था।

क्षेत्रीय अभिलेखागार में नारी उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण विषयक अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रयागराज। मिशन शक्ति शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को नारी उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण विषयक अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज कार्यालय में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, प्रयागराज द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी अवलोकन उपरांत मुख्य अतिथि महोदया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत आयोजित प्रदर्शनी निश्चित ही महिलाओं की प्रगति और उत्थान की कल्पना को साकार रूप प्रदान करती है। महिलाओं के सम्बन्ध में ब्रिटिश सरकार के समय में पारित कानूनों द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की नींव रखी गई जिसे वर्तमान सरकार मूर्त रूप देने का प्रयास प्रदान कर रही है। प्रदर्शिनी निश्चित ही महिलाओं और बालिकाओं को बेहतर भविष्य रेखांकित करती है इसके लिए उन्होंने आयोजक क्षेत्रीय अभिलेखागार (संस्कृति विभाग), प्रयागराज को धन्यावाद दिया। प्रदर्शनी में महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण सम्बन्धी ब्रिटिश सरकार में पारित कानूनों के अभिलेख प्रदर्शित किये गये। इन अभिलेखों में प्रमुख रूप से हिन्दू विवाह में तलाक का अधिकार, हिन्दू विधवाओं के गुजारे भत्ते की राशि निश्चित करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत बिल, महिलाओं को नौकरी का अधिकार सन् 1934, बाल विवाह रोकने सम्बन्धी बिल सन् 1927, लड़कियों को अंग्रेजी की शिक्षा प्रदान करने हेतु सरकारी स्कूल खोलने का प्रस्ताव, महिलाओं का वकालत का अधिकार, पुत्रिओं को सम्पत्ति का अधिकार का समर्थन सन 1939 तथा अन्य अभिलेख प्रदर्शित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा कार्यालय में वृक्षारोपड़ भी किया गया। डा0 प्रदीप मौर्य प्रभारी एन.सी.सी. एवं स्काउट जी.आई.सी. द्वारा समस्त कैडटों को अभिलेखागार की प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए शैक्षिक भ्रमण कराया गया। सभी अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संयोजन श्री राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महोदया को पुष्प देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस को पोस्टमार्टम का इंतजार

झूंसी। नैका निवासी सूरज वर्मा की मौत के 24 घंटे बाद पुलिस यह नही पता लगा पाई की उसकी हत्या हुई या हादशे में जान गई। पिता श्रीपति वर्मा ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है। जीआरपी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। इलेक्ट्रिशियन सूरज वर्मा का शव सोमवार की सुबह वाराणसी प्रयागराज रेलवे ट्रेक के किनारे कटका ब्रिज के नीचे मिला था। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे दोनो पैर टूटा था ऐसा प्रतीत हो रहा थे जैसे सूरज की किसी ने बुरी तरह मार हो। जीआरपी ने शव का पोतमार्टम करा कर शव परिजनों को सौप दिया। छतनाग घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस यह स्पस्ट नही बता पर रही है कि सूरज की मौत हत्या है या हादशा जीआरपी इंस्पेक्टर का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

नैनी में छात्रा के ऊपर गिरा सीलिंग फैन, बाल-बाल बची

नैनी। नैनी क्षेत्र के प्रयागपुरम के रहने वाले अनिल कुमार शुक्ल की पुत्री जो की नैनी के देवरख रोड स्थित शकुन विद्या निकेतन में कक्षा चार ए में पढ़ाई करती है। प्रतिदिन की तरह वह मंगलवार को विद्यालय गई हुई थी और कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। तभी उसके ऊपर सीलिंग फैन गिर पड़ा। हालांकि छात्रा बाल बाल बच गई, लेकिन सीलिंग फैन गिरने से क्लास सहित विद्यालय में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि विद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आ रही है। विद्यालय में लगे उपकरणों की जांच पड़ताल कभी भी नहीं की गई। यदि स्थापित उपकरणों की जांच पड़ताल मानक के अनुरूप किया गया होता तो क्लास में लगे सीलिंग फैन को गिरने से बचाया जा सकता था। हालांकि एक बड़ी घटना होते-होते बाल बाल बच गई। वहीं सूचना मिलने पर अभिभावक अनिल कुमार शुक्ल परिजनों के संग पहुंचे और विद्यालय प्रशासन से लिखित शिकायत की।

तेज रफ्तार डंफर ने मोपेड सवार महापात्र को कुचला

नैनी। नैनी नैनी क्षेत्र में टिकुरी लवायन के महापात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। उनको तेज रफ्तार डम्फर ने कुचल दिया था। हादसा टीएसएल पावर हाउस के पास नैनी-मिजार्पुर मार्ग पर मंगलवार सुबह हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिव कुमार तिवारी (45) पुत्र राम आधार तिवारी निवासी टिकुरी लवायन अपने घर में कोई निर्माण कार्य शुरू कराए थे। मंगलवार सुबह घर से सीमेंट लेने मोपेड से नैनी मेवालाल बगिया की तरफ आ रहे थे। टीएसएल के समीप तेज रफ्तार डम्फर से कुचल कर उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि शिव कुमार तिवारी महापात्र का काम करते थे। उनकी दो लड़कियां है।

न्यूज झरोखा

तीनों माताओं के साथ चित्रकूट पहुंचे भरत, खड़ाऊ लेकर लौटे वापस

नैनी। नैनी सार्वजनिक रामलीला समिति ट्रस्ट पीएसी में मंगलवार को श्रीराम के वनवास के दौरान भरत तीनो माताओं के साथ चित्रकूट पहुंचते हैं। जहां भरत श्रीराम को देखकर उनके पैरों पर गिर जाते है। राम लक्ष्मण भरत तीनो भाइयों के मिलाप को देखकर दर्शक भावुक हो जाते है। भरत राम से वापस चलने का आग्रह करते हैं, लेकिन राम पिता के वचनों की बात कहकर वापस जाने से इनकार कर देते हैं, जिसके बाद भरत सिर पर खड़ाऊ रखकर वापस लौट जाते हैं, दूसरे प्रसंग में लक्ष्मण जी सूर्पनखा की नाक काट देते हैं। इससे पूर्व रामलीला में मुख्य अथिति समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष बिहार व कौशाम्बी के पूर्व विधायक संजय गुप्ता व राजीव कुमार ने प्रभु श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर समाजसेवी मिंटू सिंह, विनय सिंह, मोनू सिंह, राजेश साहू, डॉ संदीप पाल, टुनटुन पांडे, पवन शर्मा, सुशील गुप्ता मुन्ना, अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया रामलीला कमेटी के डायरेक्टर प्रिया मिश्रा, जूही जायसवाल, आकांक्षा जायसवाल, धर्मराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

महर्षि विद्या मन्दिर में मनाया गया सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल स्थापना दिवस

नैनी। नैनी महर्षि विद्या मन्दिर नैनी महर्षि विद्या मन्दिर दूरवाणी नगर ,ए.डी.ए कालोनी नैनी प्रयागराज में मंगलवार को प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला के दिशा निर्देशन में सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल स्थापना दिवस मनाया गया। श्री गुरूदेव ब्रह्मानन्द सरस्वती जी के प्रेरणा एवं आशीर्वाद, पूज्य महर्षि महेश योगी जी के दैवीय कृपा से एवं विश्वशान्ति आन्दोलन के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा के मार्ग दर्शन में शारदीय नवरात्रि के पाँचवे 9 अक्टूबर 2013 को सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल का उदघाटन हुआ। 8 अक्टूबर 2024 को सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल का 11वाँ स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरूपूजा से हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी छात्र एवं शिक्षकगण प्राणायाम तथा सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास किए। विद्यालय की छात्राओं ने गीत एवं भजन प्रस्तुत किए तथा सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल पर छात्राओं ने अपने अपने विचारों की अभिव्यक्ति किए। शिक्षिकाओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। विद्यालय के ध्यान शिक्षक ने महर्षि जी की वैदिक परम्परा के विषय में विस्तृत जानकारी दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने संस्था के अध्यक्ष गिरीश के संदेश को सबके सामने पढ़कर उनके द्वारा किए गए सभी प्रयासों को बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की वजह से हरियाणा में बीजेपी ने लगाई हैट्रिक- गणेश केशरवानी

प्रयागराज। हरियाणा में भाजपा तीसरी बार जीत कर हैट्रिक लगा दी है जिसकी वजह से भाजपा नेताओं में खुशी व उत्साह का माहौल है। देश भर में बीजेपी कार्यकर्ता जश्न मना रहे है। प्रयागराज महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि हरियाणा में किसान, जवान और पहलवान का कोई मुद्दा ही नही था। यह विपक्ष द्वारा झूठ फैलाया गया था जिसे हरियाणा की जनता जानती थी इस लिए जनता एक बार फिर भाजपा व प्रधान मंत्री मोदी जी पर पूरा भरोसा जताते हुए विपक्ष की झूठी मोब्बत की दुकान को ताला लगा दिया। उन्होंने हरियाणा की जनता व भाजपा कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और सोच का नतीजा है कि भाजपा हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी जलेबिया कब इमिरीति बन गई उनको भी पता नही चला।

मानस रामलीला में भरत अयोध्या आगमन, भरत राममिलन का मंचन हुआ

नैनी। नैनी मंगलवार को मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा केवट प्रसंग, दशरथ मरण, भरत अयोध्या आगमन और भरत, राममिलन का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया। प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद उज्जवल रमण सिंह ने मंच से अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री राम जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का श्रोत है, उनके आदर्शों पर चलेगें तभी जीवन सार्थक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभिमन्यु पार्क को और अधिक सुंदर बनाया जायेगा। सभी रामभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। रामलीला मैदान में राज कुमार तिवारी, संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, पवन द्विवेदी महाकाल, मुकेश श्रीवास्तव, देवी सिंह, शिव शंकर दीक्षित, श्री प्रकाश शुक्ला, रविंद्र दोहरे, शिव कुमार पाठक, प्रमोद दूबे, अंजुम नाज, वैभवी जोशी, संयोजक मयंक यादव पार्षद, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा, कोषाअध्यक्ष प्रदीप तिवारी, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव शामिल रहें।

काली प्राकट्य उत्सव में हंगामा, धक्का मुक्की, दो पक्षों में कहासुनी के बाद पुलिसवालों से भिड़े

प्रयागराज। प्रयागराज में इन दिनों दशहरा उत्सव चल रहा है। रामदल, चौकियां हर रोज निकल रहे हैं। दशहरा मेले में जबरदस्त भीड़ भी उमड़ रही है। भीड़ के बीच कहासुनी, झगड़े भी सामने आ रहे हैं। अब दारागंज के ऐतिहासिक काली प्राकट्य उत्सव में आधी रात दो पक्षों में कहासुनी के बाद पुलिसवालों से झगड़ा, धक्कामुक्की का वीडियो सामने आया है।यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। तमाम लोग दशहरा में पहुंचने वाली लाखों की भीड़ की सुरक्षा को लेकर टिप्पणी कर रहे हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने मेला में और सुरक्षा बढ़ा दी है। कहा जा रहा है कि मेले में कुछ लोगों ने ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। दारागंज पुलिस इसकी जांच कर रही है। मंगलवार को लाइंस का ऐतिहासिक दल है। यहां भी हजारों का मजमा होगा। सुबह से ही सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए हैं।

शिक्षकों ने छात्रा के निधन पर दी श्रद्धांजलि

सहसों। बहरिया विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर में आठवीं कक्षा की छात्रा व क्षेत्र के हसनपुर कोरारी गांव निवासी 14 वर्षीय कोमल भारतीया पुत्री सुरेंद्र भारतीया का बीमारी से सोमवार की रात निधन हो गया। घटना से घर में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी मिलने पर विद्यालय में शिक्षकों ने शोक सभा का आयोजन कर छात्रा को श्रद्धांजलि दिया है। वह अपने ननिहाल गई थी। जहां तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार उसे निमोनिया हो गया था। इस अवसर पर शिक्षकों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना भी किया।

नाम संशोधन सूचना

सर्वसाधारण की सूचित किया जाता है हाई स्कूल सीबीएसई परीक्षा वर्ष 2021-22अनुक्रमांक23249468 की मार्कसीट वा इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष2023-24अनुक्रमांक 23749288 की मार्कसीट में मेरे पिता का नाम संजीव वर्मा लिख गया है जो गलत है मेरे पिता का सही नाम संजीव कुमार वर्मा है।

पीयूष वर्मा पुत्र संजीव कुमार वर्मा निवासी बिहिका उर्फ पूरामुफ्ती जीटी रोड प्रयागराज

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कराएं निस्तारण: डीएम

जनसुनवाई के दौरान डीएम ने शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्रट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुन्दर लाल निवासी ग्राम रस्तीपुर ने बताया कि प्रार्थी के पट्टीदार एवं बैनामेदार विजय कुमार ने अनाधिकार रूप से भूमि हड़पने की नियत से निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये प्रार्थी द्वारा मना किया गया तो आमादा फौजदारी हो गये, 07 अक्टूबर को प्रार्थी की भूमिधरी भूमि में पिलर गाड़कर अवैध रूप से कब्जा करने लगे, प्रार्थी द्वारा मना करने पर जान से मार डालने की धमकी देने लगे, प्रार्थी द्वारा थानाध्यक्ष रानीगंज को लिखित प्रार्थना पत्र दिया कोई कार्यवाही ही नही हुई, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ रानीगंज को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर जांच कर उचित कार्यवाही करें। शिकायतकर्ता कालू सिंह निवासी सेतापुरा थाना आसपुर देवसरा ने बताया कि प्रार्थी आबादी भूमि में पूर्वजों के समय से काबिज दाखिल चला आ रहा है जिसमें उसके पूर्वजों द्वारा निर्मित कच्चा निर्माण स्थित है, कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके स्थान पर प्रार्थी पुर्ननिर्माण करना चाहता है प्रार्थी के पड़ोसी कमल, राजेन्द्र, लवकुश, दयाशंकर, सुरेश, एक राय होकर प्रार्थी व उसके परिवार के लोगों को धमकाते हुये कहा कि मकान में हाथ मत लगाना, प्रार्थी इस सम्बन्ध में थाना आसपुर देवसरा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में याचना की परन्तु पुलिस द्वारा प्रार्थी की कोई मदद नही हो सकी इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओ आसपुर देवसरा को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर उचित कार्यवाही करें और मौके पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

जनसुनवाई करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण के शिविर का अधिकारी ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चल रहे कैंप का रामपुर संग्रामगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी रवि शंकर उपाध्याय ने निरीक्षण किया जिसमें गाइड लीडर ने अपने टेंट का निरीक्षण कराया तथा कैंप की गतिविधियों के बारे में अपने खंड शिक्षा अधिकारी को बताया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी गाइड को अपने संदेश में कहा कि ऐसे कैंप लगने से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास होते हैं। समूह में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। अनुशासन का गुण सीखने को मिलता है तथा जीवन में आने वाली कठिनाइयों से लड़ने का साहस मिलता है। दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली तमाम गतिविधियों को इस कैंपों में बताया जाता है। इस दौरान गाइडों ने स्वागत ताली बजाकर खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह ने के जी बी वी लालगंज में गाइड को ध्वज शिष्टाचार, ताली का अभ्यास, कलर पार्टी, मार्च पास्ट, एवं प्राथमिक उपचार तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से कैंप में अपना सहयोग दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने चल रही तीन दिवसीय गाइड शिविर में शिविर संचालिका विद्यालय की गाइड कैप्टन की सराहना की। प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय वार्डन तथा जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, मंजू सिंह तथा बालिका समन्वयक पिंटू कुमार की देख रेख में हो रहा है।

बीएसए ने गाइड कैप्टन की किया सराहना

स्काउट गाइड प्रशिक्षण के दौरान मौजूद बच्चे व गाइड कैप्टन।

पंचायत भवन का इनवर्टर व कंप्यूटर चोरी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास खंड कालाकांकर के मानिकपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिवारीपुर में सोमवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर अंदर लोहे की आलमारी में रखा इनवर्टर बैटरी के साथ कंप्यूटर हार्डिक्स अन्य उपकरण गैस कटर से काटकर चुरा ले गए। सुबह जब ग्रामीणों की नजर पंचायत भवन के कमरे पर पड़ी तो ताला टूटा देख हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी ग्राम प्रधान कमलेश कुमार को दी। जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और ग्राम पंचायत सचिव अनुराग यादव को घटना की जानकारी दी। घटना की तहरीर मिलने पर मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई। चोरी की घटना से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। चोरी हुई उपकरण इनवर्टर बैटरा कंप्यूटर हार्डिक्स की कीमत अनुमानित एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

गिरफ्तारी में छेडछाड को लेकर नेशनल हाईवे पर उतरे अधिवक्ता, विरोध प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज के दो अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में समय व स्थान बदलने को लेकर मजिस्टेट्रटी जांच न होने से मंगलवार को यहां वकीलों का विरोध प्रदर्शन तेज हो उठा दिखा। वकीलों ने बांहों मे काली पटटी बांधकर तहसील परिसर से विरोध प्रदर्शन की शुरूआत की। आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते नेशनल हाइवे पर पहुंच गये और यहां भी पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने एसडीएम नैनसी सिंह से मिलकर डीएम के नाम पुर्नस्मारक ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर अधिवक्ता पुलिस पर गिरफ्तारी का स्थान व समय बदलने के साथ पुलिस मीडिया सेल में हिरासत मे लिये गये दोनों अधिवक्ताओं की फोटो वायरल होने से खफा हैं। सोमवार को वकीलो ने डीएम के नाम ज्ञापन दिया था। इसमें पुलिस की कार्रवाई को लेकर सम्पूर्ण मामले में मजिस्टेट्रटी जांच की मांग उठाई गयी है। मंगलवार को अधिवक्ताओ ने इस मांग पर कार्रवाई न होने को लेकर जमकर विरोध जताया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी तथा महामंत्री सूर्यकान्त निराला की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने परिसर में नारेबाजी शुरू कर दी। आम सभा कर मजिस्टेट्रटी जांच अब तक न कराए जाने पर गुस्सा जताया। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व देवी प्रसाद मिश्र, टीपी यादव तथा राममोहन सिंह ने कहा कि मजिस्टेट्रटी जांच को डीएम द्वारा अब तक अधिसूचना जारी न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, अनिल त्रिपाठी महेश, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय ने कहा कि गिरफ्तारी में पुलिस की मनमानी अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकार पर हमला है। इसके बाद वकीलों ने एसडीएम नैनसी सिंह से मिलकर डीएम को संबोधित पुर्नस्मारक ज्ञापन सौपा। वकीलों की नारेबाजी को लेकर मंगलवार को भी तहसील में घंटो अफरातफरी का माहौल दिखा। न्यायिक एवं प्रशासनिक कामकाज भी दोपहर तक प्रभावित दिखा। आम सभा की अध्यक्षता उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी तथा संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। इस मौके पर शहजाद अंसारी, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सिंटू मिश्र, सुरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, सुरेन्द्र गौतम, दीपेन्द्र तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, शैलेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र तिवारी, सुजीत तिवारी, सुरेश मिश्र, राहुल मिश्र, कुलदीप तिवारी, अनिल शर्मा, शेष तिवारी, केबी सिंह, बीडी पटेल, सुशील शुक्ल, हरकेश पटेल, अमरनाथ यादव, सतेश सिंह, लालता प्रसाद पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ला, दिनेश सिंह, जयकरन सिंह, प्रमोद तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष सिंह, राजेश सरोज, घनश्याम सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

नाराज वकीलों ने डीएम को संबोधित एसडीएम को सौंपा पुर्नस्मारक ज्ञापन

चोरी, डकैती में वांछित इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के कोतवाली कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत शेखपुर आशिक मदरियापुर रोड़ के पास कुण्डा पुलिस व स्वॉट टीम से हुई मुठभेड़ में शातिर इनामिया अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे उपचार के बाद पुलिस ने अपने हिरासत ले लिया है। गिरफ्तार घायल अभियुक्त कमलेश दुबे की निशान देही पर एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, दो हजार रुपए नगद तथा एक लाल रंग की हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट बरामद किया। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक कुण्डा सत्येन्द्र सिंह मय हमराह, प्रभारी स्वाट टीम सुनील कुमार यादव मय हमराह के मुखबिर की खास सूचना मिली की इनामिया बदमाश कही भागने की फिराक में है जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कुण्डा सत्येन्द्र सिंह, प्रभारी स्वाट टीम प्रभारी सुनील यादव एस आई अंकित तिवारी, एस आई गोविंद सिंह चैहान, गिरिशधर दुबे मय हमराह चेकिंग के दौरान कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आशिक मदरियापुर रोड के पास पहुंचे पुलिस को देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर किया जिस पर आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में शातिर 25 हजारी ईनामिया अपराधी कमलेश दुबे पुत्र स्व. अखिलानंद दुबे निवासी बंतरी, रैयापुर थाना कुंडा, जनपद प्रतापगढ़ के दाहिन पैर में गोली लग गई जिससे घायल हो गया अभियुक्त को प्राथमिक चिकित्सा हेतु पुलिस फोर्स की निगरानी में सीएचसी कुंडा ले जाया गया। अभियुक्त पर एक दर्जन संगीन अपराध के मुक़दमे पंजीकृत हैं।

पुलिस मुठभेड़ में घायल इनामिया अभियुक्त कमलेश दुबे

कथा आयोजन स्थल का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के रामपुर खागल में 18 से 24 अक्टूबर तक होने वाली कथा का स्थलीय निरीक्षण करने जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार पहुंचे। बता दें कि जगतगुरु शंकराचार्य रामभद्राचार्य के प्रस्तावित श्रीमद् भागवत कथा एवं स्मृति महोत्सव का आयोजन पट्टी तहसील क्षेत्र के रामपुर खागल पृथ्वीगंज गांव के उनके उत्तराधिकारी श्री राम चन्द्र दास जी के यहां होगा। जिसमें कई बड़े अतिथियों का आगमन होगा। सोमवार शाम जिलाधिकारी संजय रंजन व पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार एडमिशन एसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान उच्चाधिकारियों ने समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी पहलूओं की जांच कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान पट्टी एसडीएम तनवीर अहमद,सीओ पट्टी आंनद कुमार राय पट्टी कोतवाल आलोक कुमार मौजूद।

चार दशक से सज रहा है मां अंबिका का दरबार

कलकत्ता से लोग लाते थे मूर्ति, सेठ पारस नाथ ने की थी शुरुआत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय नगर में नवदुर्गा पंडाल को चार दशक से भक्तगण सजा रहे। उस समय में लोग कलकत्ता से मूर्ति लाकर स्थापित करते थे। आज भी नगर के लोग पंडाल को अनवरत सजाते चले आ रहे हैं। पूरे नवरात्रि भर लोग भक्ति भाव से आरती के साथ भजन कीर्तन करते दिखाई देते है।

स्थानीय नगर स्थित हनुमान मंदिर के बगल सज रहे दुर्गा पंडाल समिति का गठन नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी पारस नाथ कौशल ने 1981 में किया था। उस समय सबसे बड़ी समस्या मां अंबिका की मूर्ति की होती थी। आस-पास क्षेत्र में कहीं भी मूर्ति नही बनाई जाती थी। पारस नाथ कौशल उस समय कलकत्ता से मां अंबिका की मूर्ति को ट्रक से ले आया करते थे। प्रथम बार जो मूर्ति आई थी उसकी कीमत 750 रुपया थी। नगर में पहली बार सजे मां दुर्गा पंडाल को देखकर लोगो के अंदर बहुत ही खुशी देखी गई थी।कई दशक तक शारदीय नवरात्रि में सेठ पारस नाथ कौशल मां के दरबार को सजाते रहे। उस समय कहीं दूर-दूर मां का पंडाल दिखाई नही देता था। क्षेत्र के रानीगंज कैथौला, सांगीपुर, जलेसरगंज समेत आस-पास से भक्तगण मां के दर्शन के लिए नगर आया करते थे। सेठ के न रहने के बाद अब इसकी जिमेदारी उनके पौत्र जय कौशल बखूबी निभा रहे है। जय कौशल ने बताया की इस कलयुग में मां की पूजा से ही लोगो का उद्धार संभव है। हम सभी सनातनियों को अपने धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा कुछ न कुछ धार्मिक कार्य करते रहना चाहिए। बाबा के विचारों को आगे बढ़ाना ही मेरा उद्देश्य है।

नगर में सजा मां अंबिका का दरबार।

तीन घरों में हुई चोरी पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सेंधमारी कर घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा बरेवा निवासी शिवशंकर पाल पुत्र दुर्गा प्रसाद पाल के घर के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर अज्ञात चोर घर से पांच हजार की नकदी व लाखों के सोने चांदी के जेवरात उठा ले गये। इसी रात चोरों ने गांव के ही इन्द्रजीत यादव व कृपाशंकर के घर में भी सेंधमारी करके हजारों का खाद्यान्न उठा ले गये। पीड़ितों द्वारा दी गई तहरीर पर जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

मारपीट व तोडफोड़ की घटना में तीन के खिलाफ केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार की आंचल पुत्री अवधेश प्रसाद अग्रहरि ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे अमन पुत्र पप्पू हवाईदार, मेरू पुत्र इस्माइल तथा एक अज्ञात दरवाजे पर पहुंचकर रंजिशन गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपीगण उसे मारने पीटने लगे। शोर सुनकर बीचबचाव के लिए पहुंचे पीड़िता के छोटे भाई किशन को भी आरोपियों ने मारापीटा तथा स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोरगुल सुनकर गांव के लोगों को आता देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर अमन समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

भरत चौक में प्रभु श्री राम का विवाह देखने उमडा भक्तों का सैलाब

ठठेरी बाजार बना अवध, बाबागंज बनी जनकपुरी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति द्वारा श्री राम बारात चिलबिला महुली भ्रमणकर देर रात्रि भरत चैक पहुंची। ठठेरी बाजार को अयोध्या बना था और बाबागंज जनकपुरी बनी थी। प्रभु श्री राम के पक्ष से रामलीला समिति के पदाधिकारी संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता थे। राजा जनक की भूमिका में रवि केसरवानी आदि थे।

प्रभु की बारात भरत चैक पहुंचने पर राजा जनक के रूप में रवि केसरवानी ने सभी पदाधिकारीयो का मिलना कर द्वार पूजा की रश्म आदयगी की। माता जानकी प्रभु श्री राम का हाइड्रोलिक मंच से विवाह संपन्न कराया गया। यह दृश्य देखने को भरत चैक में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था। अतिथिगण में भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, सीओ सिटी शिवनारायण वैश्य, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह, अशोक सिंह, राजेंद्र केसरवानी, आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रतन जैन, नितेश खंडेलवाल, अवनीश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य, बंटी नेता आदि को श्री रामलीला समिति ने सम्मानित किया। विवाह के पश्चात सभी अतिथियों ने भगवान श्री राम माता सीता की आरती उतारी। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू द्वारा किया गया। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी अतिथियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मीडिया परिवार व सभी राम भक्तों, पदाधिकारियों का आभार जताया।

राम विवाह में मौजूद समिति के पदाधिकारीगण।

जमीन विवाद में चले लाठी डंडे, पांच घायल, तीन मेडिकल कॉलेज रेफर

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जम-कर लाठी डंडे चले। महिला सहित पांच घायल हो गए। मामले में दोनों पक्ष एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव की रहने वाली विमला देवी पत्नी चंद्रभूषण उपाध्याय ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि मंगलवार की सुबह आठ बजे के आस-पास उसके पड़ोसी उसकी आबादी की जमीन पर दीवाल बन रहा था। जिसे मना करने पर पड़ोसियों ने गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आया बेटा सोनू उपाध्याय को भी जम-कर मारा पीटा जिसमें मां बेटे दोनों घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ गंगाधर उपाध्याय ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि वह अपनी आबादी की जमीन पर दीवाल बन रहा था। इस दौरान दीवाल बनाने से मना कर दिए। और मारने पीटने लगे जिसमें नेहा देवी उपाध्याय, पत्नी गंगाधर उपाध्याय, बालेंद्र उपाध्याय व गंगाधर उपाध्याय, को भी मार-पीट कर घायल कर दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायलों में विमला देवी, व सोनू, नेहा, को गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मामले में दोनों पक्षो ने प्रार्थना पत्र देकर एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

सरकारी योजनाओं तक जरूरतमंदों की पहुंच बनाना मिशन शक्ति का उद्देश्य-नीरजा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मिशन शक्ति फेज-पांच के तहत जिलाधिकारी के निर्देशन मे पट्टी ब्लॉक के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज बहुता मे छात्र एवं छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वन स्टाफ सेन्टर की केंद्र प्रबन्धक नीरजा सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य उनकी सुरक्षा के साथ साथ सरकारी योजनाओं की जरूरतमंदों तक पहुंच बनाना है। नीरजा ने कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने छात्राओं को गुड टच बैट टच के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर उपस्थित विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी राजेश सिंह ने बाल विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि नाबालिग बच्चों का विवाह करना हमारे समाज के लिए अभिशाप है इसे रोकने के लिए हम सबको आगे आना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी (ए.एच.टी.यू.) संजय यादव ने छात्रों को छेड़खानी, बाल विवाह व बालश्रम ना करने के लिए हाथ उठाकर शपथ दिलाई। महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य-बच्चे लाल तथा संचालन हकीम अंसारी ने किया। इस जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर बाल अधिकार परियोजना के कोर्डिनेटर शिवशंकर चैरसिया, शकुंतला देवी, सेतु प्रोग्राम के शोध अधिकारी श्याम शंकर शुक्ल, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से बीनम विश्वकर्मा, निशा परवीन, माधुरी मौर्या, कांस्टेबल जितेन्द्र सिसोदिया, आलोक, तौसीफ रजा, सहित बहुता के ग्राम प्रधान वाहिद अंसारी ने अपना विचार व्यक्त किया।

जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

सड़क हादसे में शिक्षक की दर्दनाक मौत

दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने वाहन समेत अपने कब्जे में ले लिया

कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के जजौली गांव में शिक्षक के पद पर तैनात कमल सिंह की पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है।

सड़क हादसे में शिक्षक की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम शिक्षक वा उनके परिवार के लोग पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुँची पुलिस में शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना के बाद घटनास्थल से भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने वाहन समेत पकड़ लिया है और अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के बंबूपुर गांव निवासी

कमल सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र लाल सिंह मंझनपुर तहसील क्षेत्र के जजौली गांव में शिक्षक के पद पर सरकारी विद्यालय में कार्यरत थे वह प्रतिदिन विद्यालय से अपने घर वापस चले जाते थे मंगलवार को भी शिक्षण कार्य के बाद सरकारी विद्यालय से शिक्षक कमल सिंह बाइक लेकर अपने घर बंबूपुर जाने के लिए निकले थे जैसे ही वह पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास पहुंचे कि तेज गति ट्रक ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे शिक्षक सड़क पर गिर पड़े और मौके पर उनकी दर्दनाक मौत हो गयी हादसा देखकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सरकारी विद्यालय के अन्य शिक्षक सहित उनके परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं। मौके पर कोहराम मचा है पुलिस ने मृतक शिक्षक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को वाहन समेत पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

सैता पावर हाउस से 9 अक्टूबर को बाधित रहेगी विद्युत सप्लाई

हर्रायपुर कौशाम्बी। विधुत विभाग पावर हाउस सैता मूरतगंज के जेई ने विधुत उपभोक्ताओ को सूचित किया है कि पावर हाउस सैता मूरतगंज मे पैनल बदलने के कारण दिनांक 9/10/024 दिन बुधवार को समय 1 बजे दिन से 5 बजे तक विधुत आपूर्ति बाधित रहेंगी पैनल बदलने के बाद विद्युत सप्लाई शुरू की जाएग।

ट्रेन की टक्कर से अधेड़ की मौत

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर रेलबे स्टेशन के पास मंगलवार की सुबह ट्रेन की टक्कर से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर परिवार के साथ ग्रामीण पहुंचे हैं सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि मृतक रोजी-रोटी के चलते बाहर दूसरे प्रदेश में रहता था और 2 दिन पहले ही वह गांव वापस लौटा था जानकारी के मुताबिक मैंकन सरोज उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्वा सतन सरोज निवासी विदनपुर थाना कोखराज रोटी रोजगार के लिए बीते कई वर्षों से गांव छोड़कर दूसरे प्रदेश में रहता था दो दिन पहले वह वापस गांव लौटा था मंगलवार की सुबह 4:00 बजे भोर में मैकन सरोज बिदनपुर रेलवे लाइन पार कर शौच क्रिया के लिए जा रहा था जैसे ही मैकन ने रेलवे लाइन पार करने की कोशिश की वह ट्रेन की आवाज को नहीं सुन सका और ट्रेन की चपेट में आ गया है उसकी मौके पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गयी है जब वह कई घण्टे बाद भी शौच किया से वापस घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग उसको खोजने के लिए बाहर निकले तो देखा रेलवे लाइन के किनारे उसकी लाश पड़ी है।

ट्रक के नीचे सो रहे ट्रक खलासी पर चालक ने चढ़ा दी ट्रक

कई मीटर तक घिसटता रहा खलासी हुई दर्दनाक मौत

हर्रायपुर कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र में ट्रक चालक की घोर लापरवाही से खलासी की दर्दनाक मौत हो गई है जिले में सड़क निर्माण में लगी पीएनसी कम्पनी के ट्रक से कुचकर ट्रक खलासी की दर्दनाक मौत हो गई,ट्रक का खलासी ट्रक के नीचे लेटा हुआ था,तभी ट्रक चालक ने ट्रक को आगे बढ़ा दिया और खलासी ट्रक से कुचल गया,ट्रक के टायर में फसकर कई मीटर दूर तक वह घसीटता गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैजानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज मेला बाग से बदनपुर घाट जाने वाली रोड पर पीएनसी कंपनी द्वारा सड़क का निर्माण किया जा रहा है,सड़क



निर्माण कार्य में कई गाड़ियां लगी हुई है जोकि समान की ढुलाई करती है,मंगलवार की सुबह सड़क निर्माण कार्य में लगी हुई ट्रक यूपी 71 अळ 9616 के नीचे ट्रक का खलासी बांदा जनपद निवासी बौरा यादव उम्र 28 वर्ष लेटा हुआ था,ट्रक चालक जान नही पाया और ट्रक को स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया,जिससे खलासी बौरा यादव कुचल गया,ट्रक रुकी नही तो वह कई मीटर तक घसीटता चला गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और मृतक के परिजनो को घटना की सूचना दी मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धान की खरीद 1 नवम्बर से होगी प्रारंभ

कौशाम्बी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने जानकारी दी है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दिनांक 01.10.2024 से बाजरा की खरीद खाद्य विभाग के 07 क्रय केन्द्रों पर प्रारंभ हो गयी है। विकास खण्ड मंझनपुर, सरसवां, कौशाम्बी, मूरतगंज, नेवादा, सिराथू एवं कड़ा में बाजरा क्रय केन्द्र खोले गये है। इसके अतिरिक्त दिनांक 01.11.2024 से धान की खरीद प्रारंभ होगी। धान तथा बाजरा विक्रय हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। धान बाजरा क्रय केन्द्रों पर धान बाजरा की बिक्री हेतु कृषकों को खाद्य विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिन कृषकों द्वारा गतवर्षों में अपनी उपज के विक्रय हेतु खाद्य विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराया गया है, उन्हें वेबसाइट पर केवल पूर्व पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा। यह पंजीकरण नवीनीकरण कृषक द्वारा दफकोड के माध्यम से किसान मित्र एप डाउनलोड कर स्वयं अथवा जनसूचना केन्द्र/साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकेगा। कृषकों हेतु पंजीकरण नवीनीकरण की सुविधा धान बाजरा क्रय केन्द्रों पर क्रय केन्द्र प्रभारी के माध्यम से भी उपलब्ध रहेगी। कृषकों का पंजीकरण उनके आधार संख्या, भूलेख एवं पंजीकरण के समय कृषक द्वारा दर्ज मोबाइल नंबर पर प्रेषित ओ0टी0पी0 के आधार पर किया जायेगा। धान बाजरा बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में किसान द्वारा पंजीकरण के समय पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य माता/पिता, पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री,दामाद/पुत्रवधू, सगा भाई/सगी बहन में से किसी का विवरण एवं उनका आधार नंबर फीड कराना अनिवार्य होगा। चूंकि कृषकों द्वारा क्रय केन्द्र पर बेची गयी फसल का भुगतान सीधे उनके आधार लिंक बैंक खाते में ढक्रट्टर के माध्यम से किया जाना है, अतः कृषकों द्वारा अपने बैंक खातों को आधार सीडेड एवं बैंक शाखा द्वारा ढढउक पोर्टल पर मैप करवाया जाना आवश्यक है। इस संबंध में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिये कृषक तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों अथवा विकास खण्ड के विपणन निरीक्षकों से संपर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कौशाम्बी से उनके मोबाइल नंबर 7839564974 पर संपर्क किया जा सकता है।

अवैध पटाखा गोदाम से चार बोरी बारूद बरामद

पटाखा फैक्ट्री संचालक को बारूद सप्लायर कौन बड़ी जांच का विषय

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पिपरी पुलिस ने मंगलवार की शाम मनौरी बाजार की अवैध पटाखा गोदाम से भारी मात्रा में बारूद बरामद किया। मौके से निर्मित व अर्धनिर्मित पटाखे भी बरामद करने का दावा किया गया है गोदाम के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार शाम एसडीएम योगेश कुमार गौड़ और सीओ मनोज कुमार सिंह रघुवंशी पिपरी थानाध्यक्ष बलराम सिंह ने मय पुलिस फोर्स मुखबिर की सूचना पर मनौरी बाजार में छापामारी की। वहां पब्लिक इंटर कॉलेज के पीछे अवैध तरीके से पटाखा गोदाम संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से चार बोरी बारूद, 20 बोरी कोयला, 35

बोरियों में भरे हुए निर्मित व अर्ध निर्मित पटाखे बरामद किए। गोदाम मालिक नौशाद अली पुत्र निजामउउद्दीन निवासी मनौरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लिखापढ़ी कर दी गई है। बुधवार को उसका चालान किया जाएगा। गोदाम मालिक के पास पटाखा फैक्टरी संचालन अथवा गोदाम में पटाखा भण्डारण का लाइसेंस नहीं था।

न्यूज झरोखा

गणित किट का अनिवार्य रूप से करे प्रयोग

कौशाम्बी गणित की तीन दिवसीय नवाचारी शिक्षण विधियां एवं गणित किट के प्रयोग पर प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर का अंतिम

चतुर्थ चरण मंगलवार को सम्पन्न हुई सुश्री निधि शुक्ला उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण दिनाँक 23/09/2024 से 08/10/2024 तक 100-100 शिक्षको का चार चरणों चक्र में कौशाम्बी जनपद के आठों विकास खंड के 400 शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों से फीड बैक लेते हुए कहा कि आप सभी अपने विद्यालय में गणित किट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। गणित किट एवं एक्टिविटी बेस्ड शिक्षण करने से बच्चों को मूर्त वस्तुओं के माध्यम से अधिकाधिक अधिगम हो सकता है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। डॉ0 देवेंद्र कुमार मिश्र नोडल प्रवक्ता सभी सन्दर्भदाता सहित सभी प्रवक्ता स्टॉफ का योगदान रहा।

शहजादपुर में धूमधाम से निकाली गई श्री राम बारात यात्रा

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी शहजादपुर में चल रही रामलीला में मंगलवार को श्रीराम की भव्य बारात शोभा यात्रा निकाली गई । बारात यात्रा का जगह जगह स्वागत एवं सत्कार किया नगरवासी बारात यात्रा में पुष्प वर्षा करते हुए जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। राजा जनक द्वारा पुत्री सीता के स्वयंवर में श्रीराम के शिवधानुष तोड़ने पर उनके गले में सीता के वरमाला डालने की सूचना अयोध्या पहुंचने पर महाराज दशरथ अयोध्या धाम से मिथिलापुरी के लिए श्री राम की



बारात यात्रा के लिए निकल पड़े। बारात में राजा दशरथ के साथ मुनि वशिष्ठ, भाई भरत और शत्रुघ्न के साथ साथ अयोध्या नगरी से बहुत लोग शमिल हुए। निकाली गई बारात यात्रा में डीजे, बैंड बाजे के साथ बराती नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। श्रीराम बारात यात्रा अयोध्या धाम से निकलकर बाजार होते हुए हनुमानन घाट पर बनाई गई मिथिलापुरी पहुंची। राम बारात का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। इसके साथ ही वहां पहुंचने पर राजा जनक और नगरवासियों ने बारात का धूमधाम से स्वागत एवं सत्कार किया। उसके बाद सनातन रीति रिवाजों के अनुसार श्रीराम और सीता का विवाह सात फेरे के साथ संपन्न हुआ। राम बारात यात्रा में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवि तिवारी महामंत्री प्रभाष सोनकर, मोहित यादव, रंजीत यादव नंदू निषाद राम प्रकाश तिवारी मन्कुश सोनकर सहित समस्त सदस्य शामिल रहे।

फैजीपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है नवरात्रि का पर्व

करारी कौशाम्बी करारी क्षेत्र के आषाढा ग्राम सभा के फैजीपुर में बड़े ही धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है नवरात्र के 9 दिन तक मां दुर्गा की कथा का वर्णन कथावाचक शाकंभरी तिवारी और

आचार्य सुशील मिश्र के मुखार बिंदु से सुनने के लिए भक्तों की भीड़ लगती है मां दुर्गा के अंदर रूप के बारे में कथा वाचक प्रतिदिन विस्तार से चर्चा करते हैं कमेटी के अध्यक्ष दुर्गा सिंह पटेल और पदाधिकारी के उपस्थिति में भव्य रूप से नवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाता है भक्तगण कथा का आनंद लेते है कथा में आये हुए लोगों को ज्ञान और संस्कार की प्राप्त होते हैं आरती पूजन के बाद प्रतिदिन मां के दरबार में भंडारा और प्रसाद का वितरण भक्तों द्वारा किया जाता है 9 दिन पूजा अर्चना के बाद भव्य तरीके से माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन भक्तों द्वारा विधि विधान से किया जाता है पदाधिकारी प्रदीप वर्मा गुड्डा उर्फ दिलीप अग्रहरि गुड्डू यादव गोलू प्रजापति मंगलदास प्रजापति गुड्डा सिंह पटेल सहित समस्त ग्राम वासी के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है

सोनकर समाज के द्वारा विधि विधान से हुआ संपन्न बंजारी पूजा, प्राचीन काल से चलती आ रही है परंपरा

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी सिराथू तहसील के अंतर्गत शहजादपुर में सोनकर समाज के द्वारा प्राचीन काल से शहजादपुर मेला के पहले बंजारी पूजा करने की परंपरा चलती आ रही है प्राचीन परंपरा के अनुसार दिनांक 8.10.2024 को रावण मेला मैदान में स्थित सोनकर समाज बारादरी में विधि विधान के साथ बंजारी पूजा संपन्न हुई सोनकर समाज युवा कमेटी व शहजादपुर के बुजुर्ग लोगों के द्वारा बंजारी पूजा हुई जिसमें विष्णु सोनकर संदीप सोनकर धर्मेन्द्र सोनकर मूलचंद सोनकर नीरज सोनकर मानिक चंद सोहन सोनकर मुन्ना सोनकर आदि सोनकर समाज के लोग उपस्थित रहे।

अ.भा. किसान कांग्रेस ने गांधी शास्त्री के विचारों को रखा

कोखराज कौशाम्बी। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के निर्देश पर 8 अक्टूबर को पूरब कशिया स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रांगण में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री दोनो महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर जयंती धूमधाम से मनाई गयी वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को बापू की उपाधि दी गई और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम गांधी ग्राम स्वराज चौपाल मे जिला किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत कुशवाहा की अध्यक्षता में कार्यक्रम में रखा गया। आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम आलम मुख्य अतिथि ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि देश के किसानों के प्रति पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकाल के समय देश ने काफी विकास व तरक्की की थी उन्होंने उस वक्त किसानों पर सबसे अधिक बजट बनाया था व दूसरा बजट जवानों

का था इसलिए उन्होंने नारा भी जय जवान जय किसान का दिया था राष्ट्र पिता महात्मा गॉधी ने भी समय समय पर अपने को समय के अनुसार परिवर्तन किया उस वक्त गुजरात काफी धनाड्य राज्यों में था वहाँ का परिधान काफी ट्रेडिशनल चमक दमक वाला था गांधी भी बचपन में काफी शौकीन थे उन्होंने लंदन से पढाई कर बैरिस्टर की डिग्री हासिल की लेकिन उसी समय दक्षिण अफ्रीका के एक व्यापारी ने अपना केश लड़ने के दक्षिण अफ्रीका बुलाया था जिस पर ट्रेन के बोगी में चढते वक्त गाँधी जी के साथ अंग्रेजों द्वारा गांधी जी को धक्का देकर ट्रेन से उतार देने से उनको काफी दुःख पहुँचा उस घटना से भी उनके जीवन में बडा.परिवर्तन हुआ उस समय अग्रेज टाई कोट पहनते थे अग्रेजी परिधान का काफी चलन था अंग्रेज देशी परिधान से काफी चिढ़ते थे गांधीजी ने देशी परिधान पहन कर अंग्रेजों को जवाब दिया और किसानों की तमाम समस्याओं को सुना और उन्हें जल्द निपटारा कराए जाने का अस्वासन दिया गया इस मौके पर ,जिला अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ विष्णु सोनी,मो .आरिफ, रानी देवी,शिवकुमारी देवी, अरुणेश, फूलकली, दीक्षित, शहनाज अली,रेनू देवी, सविता, रामसवारी, सलीम, अनीता देवी, सरफराज अली, राकेश पटेल, रिंकू मोहम्दनईम आदि सैकड़ों ग्राम वासी मौजूद रहे।

ढाई सौ वर्ष पुराने मंदिर की जमीन और रास्ते पर कब्जा

कौशांबी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पालिका मंझनपुर के तन्ना पर गांव में ऐतिहासिक प्राचीन 250 वर्ष पुराना काली माता का मंदिर और शिव जी का मंदिर स्थापित है जहां भक्तों की आस्था है और पूजा पाठ करने के लिए इलाके के हजारों लोग इस मंदिर पर पहुंचते हैं जहां भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है भण्डारा वा अन्य धार्मिक आयोजन के लिए काली माता मंदिर की जमीन पड़ी थी जिस पर गांव के राम प्रताप मौर्य के पुत्र सुरेश चंद्र प्रेम चंद्र रामबाबू शिवबाबू छोटेलाल आदि ने जबरिया कब्जा शुरू कर दिया है पक्की दीवार उठाकर मंदिर की जमीन और रास्ते की जमीन को दबंगई से कब्जा कर लिया गया है अंधेर तो तब हो गयी जब काली माता मंदिर की खाली जमीन के साथ रास्ते की जमीन पर भी बलपूर्वक इन दबंगों ने कब्जा कर लिया है गांव के तमाम लोगों ने कब्जा करने से मना किया तो उनके साथ दबंगों ने गाली गलौज किया जान से मारने की धमकी दिया और उन पर हमले का प्रयास किया किया गया है मामले की सूचना पूर्व में भी उपजिलाधिकारी मंझनपुर को ग्रामीण देकर मंदिर की जमीन और रास्ते पर कब्जा को रोकने की मांग की थी लेकिन एसडीएम से फरियाद के बाद भी मंदिर और रास्ते की जमीन पर हो रहा कब्जा नहीं रुक सका है जिस पर 6 अक्टूबर को नगर पालिका के सभासद नत्थू लाल ने गांव के शिव भोला राजेश कुमार बुधराम सुभाष रामू राजपूत गुड्डू सिंह सहित तमाम ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला अधिकारी को पत्र देकर मंदिर की जमीन और रास्ते की जमीन पर हो रहे कब्जे को रोकने की मांग की है ।

डीएम के निर्देश के विपरीत दिए जा रहे पेट्रोल का वीडियो बनाने पर पम्प संचालक ने लाठियों से पीटा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप के संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि बोतल और डिब्बे में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा बहुत दिनों तक पेट्रोल पंप की मशीन के बगल में इस बात को लिख कर पंप संचालकों ने चस्पा किया था कि बोतल और डिब्बे में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा लेकिन जिलाधिकारी द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बाद भी पंप संचालक नहीं माने और बोतल और डिब्बे में पेट्रोल लगातार दे रहे हैं जिससे तमाम घटनाएं हो रही है बीते दिनों चरवा थाना क्षेत्र में भी घटनाएं हो चुकी हैं चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा स्थित पेट्रोल पंप में मंगलवार को बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा था जिस पर एक युवक बोतल में पेट्रोल देते वीडियो बनाने लगा जैसे ही पंप संचालक ने देखा कि डीएम के निर्देश के विपरीत पेट्रोल दिया जा रहा है जिससे उन पर कार्यवाही हो सकती है संचालक के निर्देश पर पंप के गुंडो ने वीडियो बनाने वाले युवक पर लाठी डंडे लात घूसे से हमला कर दिया है बेरहमी से युवक को पीटा गया है पंप संचालक की यह गुण्डई जिसने भी देखा है उसने पंप संचालक के गुण्डई की निंदा की है बताया जाता है कि पंप संचालक इलाके का नेता और गुंडा भी है पंप में बड़ा झंडा लगाया हुआ है। अब सवाल उठता है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पंप में पेट्रोल देने पर रोक के बावजूद बोतल में पेट्रोल दिए जाने का वीडियो बनाना क्या गुनाह है खबर लिखे जाने तक पंप संचालक और उनके गुर्गों पर मुकदमा दर्ज करके उनको गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही नहीं हुई है सवाल उठता है कि पम्प संचालक के चरित्र का प्रमाण पत्र पुलिस द्वारा दिया जाता है और लिखा जाता है कि पंप संचालक कि छवि बेहतर है कोई आपराधिक इतिहास नहीं है आम सोहरत अच्छी है लेकिन जिस तरह से पंप संचालक के पालतू गुर्गे पंप परिसर में मारपीट कर रहे हैं उससे पंप संचालक की स्वच्छ छवि कैसे कही जा सकती है इनके चरित्र प्रमाण पत्र को निरस्त कर इनके पंप कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

काजल बनी एक दिन की डीएम सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए निर्देश

कौशाम्बी महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्तिकरण के उद्देश्य से विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया है जिलाधिकारी बनाईं गयी छात्रा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कशिया पश्चिम की कक्षा 9 की छात्रा काजल को एक दिन का डीएम बनाया गया है,शासन के निर्देश पर डीएम मधुसूदन हुल्गी ने काजल को एक दिन के लिए अपनी कुर्सी दी

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा 9 की है छात्रा

और काजल के बगल में अपनी कुर्सी लगाई।इस दौरान एक दिन की डीएम बनी काजल ने जनसुनवाई के लिए आए लोगो की जनसमस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।इस दौरान उनके साथ एडीएम वित्त अरुण कुमार गोंड,एडीएम न्यायिक प्रबुद्ध सिंह भी मौजूद रहे।

विकासात्मक योजनाओं का समय बद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन हेतु टीम गठित

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने अवगत कराया है कि जनपद के आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी एवं मंझनपुर की ग्राम पंचायतों नियमित रूप से भ्रमण न किये जाने के कारण शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं समय अन्तर्गत पूर्ण नहीं हो पा रहे है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय निम्नलिखित अधिकारियों को सत्यापन अधिकारी नामित करते हुए आवंटित ग्राम में चेक लिस्ट के अनुसार ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं के क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण साथ ही सत्यापन के समय उत्पन्न जन शिकायतों की जाँच एवं समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु साप्ताहिक भ्रमण करते हुए संलग्न प्रारूप पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा।अतः निम्नलिखित अधिकारियों को आकांक्षी विकास खण्ड एवं मंझनपुर की ग्राम पंचायतों में संचालित समस्त योजनो के सत्यापन हेतु सत्यापन अधिकारी नामित किया गया इस सम्बन्ध में नामित 36 जनपद स्तर अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यह एक अभियान की तरह चलेगा जबतक हमारे आकांक्षी ब्लाकों के हर ग्राम पंचायत निर्धारित मानकों पर पूर्ण संतृप्त न हो जाय। किसी भी स्तर पर लापारवाही क्षम्य नहीं होगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, वनाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

ब्लॉकों में किसानों को नैनो यूरिया की उपयोगिता के सम्बन्ध में जागरूक करने के डीएम ने दिए निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में मंगलवार को उदयन सभागार में कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की आउटकम समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक आहूत की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों- कृषि, उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, लघु सिंचाई, मण्डी, जिला खाद्य एवं विपणन से सम्बन्धित विभाग के अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया था, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य एवं पूर्ति के ऑकड़ों की समीक्षा के स्थान पर लाभ प्राप्त करने वाले कृषकों की आय में होने वाले बृद्धि व जीवन शैली में आने वाले बदलाव का मापदण्ड निर्धारित करने एवं प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग कर आउटकम लाने के निर्देश दिये गये। उन्हांने नैनो यूरिया की सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि समितियों में कितना नैनो यूरिया है व

कितना किसानों ने लिया है इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्हांने कहा कि ब्लॉकों में किसानों को नैनो यूरिया को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय। उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया है इससे कई किसान लाभान्वित हो रहें है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा केले के उत्पादन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से होने वाले लाभ का विवरण समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, कृषि, लघु सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, नहर एवं सिंचाई, भूमि संरक्षण को निर्देशित किया गया कि कृषकों को दिये गये योजना का लाभ, नई तकनीकी के प्रचार-प्रसार का लाभ लाभार्थी व्यवहारिक रूप से कर रहा है अथवा नहीं यदि नई तकनीकी का उपयोग अपने व्यवसाय में कर रहा है तो उससे लाभार्थी कृषको को कितना लाभ हुआ तथा उसकी आर्थिक दशा में कितना सुधार आया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सागर, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

इजरायल-हमास युद्ध का एक साल

7 अक्टूबर, 2023 को ठीक एक साल पहले हमास ने इजरायल पर और जवाब में इजरायल ने फिलीस्तीन के गजा पर बमबारी कर उस युद्ध की शुरूआत की थी जो अब तक न केवल जारी है बल्कि और भयावह शक्ल ले चुका है। इजरायली सेना द्वारा गजा के उन अस्पतालों को निशाना बनाया गया था जिनमें बच्चे आए तो थे इलाज कराने पर जान गंवा बैठे थे। उस आक्रमण को एक तरह से नरसंहार ही बतलाया गया था लेकिन उस वक्त भी पूरा पश्चिम जगत इजरायल के साथ था। जो मुल्क फिलीस्तीन के साथ थे, उनकी आवाज इतनी कमजोर थी कि वह ताकतवार पश्चिमी देशों द्वारा दबा दी गयी थी।

एक ओर तो इजरायल साल भर में उसके द्वारा मारे गये हमास के लड़ाकों की संख्या जारी कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर इस लड़ाई में फिलहाल ईरान का तथा कुछ अरसा पूर्व लेबनान का शामिल होना बतलाता है कि स्थिति एक तरह से बेहद विस्फोटक है। कई सामरिक विशेषज्ञ तो इसे तीसरे महायुद्ध की बाकायदा शुरूआत के रूप में ही देख रहे हैं। अरब-इजरायल लड़ाई जिस मोड़ पर खड़ी है वहां विश्व बिरादरी द्वारा शांति प्रयासों के गम्भीर प्रयासों की जरूरत है, न कि इसे हथियार बेचने का अवसर समझने की।

बहरहाल, इजरायल ने बताया है कि उसने इस एक साल के दौरान गजा में हमास के 17 हजार लड़ाकों को मार गिराया है। एक हजार को तो इजरायल के भीतर ही मौत के घाट उतारा गया। आईडीएफ कही जाने वाली इजरायली सेना ने गजा पट्टी, वेस्ट बैंक तथा लेबनान पर दागे गये रॉकेटों की संख्या भी सूचित की है। इजरायली सेना का दावा है कि उसने गजा में 40300 ठिकानों पर हमले किये। 4700 बंकरों को उसके द्वारा नष्ट किया गया। हमास के 8 बटालियन कमांडरों को मौत के घाट उतारा गया। 165 कंपनी कमांडर या उसके समकक्ष मारे गये सो अलग। 800 से ज्यादा उन आतंकवादियों को मार गिराने का दावा आईडीएफ ने किया है जो ज्यादातर ईरान समर्थक संगठनों से सम्बद्ध थे। रिपोर्ट में इजरायल के 728 सैनिकों के मारे जाने तथा 4576 सैनिकों के जख्मी होने को स्वीकारा गया है। इस युद्ध का विस्तार भी होता चला गया है। हमास के अलावा हिजबुल्लाह और हूती जैसे संगठन भी शामिल हो गये हैं। हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाये गये अभियानों में इजरायल ने लेबनान पर भी आक्रमण किये हैं। उसके अनुसार हिजबुल्लाह के लड़ाके ईरान में छिपे हुए हैं इसलिये उनके ठिकानों पर भी बमबारी की गयी है। विशेषकर उसके बेरूत स्थित खुफिया मुख्यालय पर हमले किये गये। दूसरी तरफ हिजबुल्लाह का भी दावा है कि उसने इजरायल के हाइफा शहर के दक्षिण में स्थित सैन्य ठिकाने पर बमबारी की जिसमें 10 इजरायली मारे गये। लड़ाई के एक साल पूरा होने पर इजरायल ने गजा पट्टी में विस्थापितों को आश्रय देने वाली एक मस्जिद तथा स्कूल पर हवाई हमला किया जिसमें 25 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। इस दिन को किसी जश्न की तरह मनाने के अंदाज में इजरायल द्वारा सैन्य प्रदर्शनी की गयी जिसमें वे हथियार, उपकरण, वाहन आदि प्रदर्शित किये गये जो लड़ाई में इस्तेमाल किये जा रहे हैं।

पत्रकारों की स्वतंत्रता को बल देती सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

- ललित गर्ग-

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान के अनुच्छेद-19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये जहां राहतकारी है, वही पत्रकारिता को अधिक निडर, निर्भीक एवं बेवाक तरीके से अपना धर्म को निभाने को प्रेरित करती है। असल में विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर आलोचनात्मक होने पर पत्रकार दमन का शिकार बने हैं। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के शिकार बने हैं।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में पत्रकार विभिन्न संकटों को झेलते हुए हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करते हैं। पत्रकार केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। पत्रकार देश की राजनीति, सरकारों और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की, उसने लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किये जाने की बात कहकर पत्रकारों को अधिक प्रखर, निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण होकर अपना धर्म निभाने का रास्ता साफ किया है। देखना है कि अदालत के इस फैसले का सरकारों एवं राजनीतिक दलों पर कितना असर होता है? अक्सर नेता, अधिकारी एवं मंत्री आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर वे अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दबाने एवं अपनी शर्तों पर पत्रकारिता कराने को बाध्य करते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी में देखने



को मिली जब उन्होंने प्रेस वार्ता में एक महिला पत्रकार को बेहूदे तरीके से किसी पार्टी विशेष की पक्षधर होने का आरोप लगाया, इसी तरह अखिलेश यादव ने भी एक पत्रकार को भला-बूरा कहा। ये दृश्य समूचे देश ने देखें।

यह एक स्वस्थ, आदर्श एवं जागरूक लोकतंत्र राष्ट्र के लिये अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करते हुए निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को बल देती रही है। लेकिन विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे राजनेता एवं सरकारें रह-रहकर पत्रकारों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आते। हम देश में आम जनमानस को भी इतना जागरूक एवं सतर्क नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। यही वजह है कि सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश में वह निर्भीक पत्रकार के बचाव में खड़े नजर नहीं आते। वे ध्यान नहीं रखते कि उनके हित से जुड़ा कुछ सच सत्ताधीश छुपाना चाहते हैं। गलत नीतियां एवं भ्रष्टाचार इसीलिये पनपता है। राजनेता सत्ता की सुविधा के लिये मनमाफिक प्रचार तो चाहते हैं, लेकिन अपने दागों, भ्रष्ट आचरण एवं गलत नीतियों से जुड़े सच को सात पर्दों में रखना चाहते हैं।

निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक पत्रकार एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। यही कारण है कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि ह्यन खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।ह्न उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

पत्रकार कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच पत्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफ की गई आलोचना को सहजता से लेते थे। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है।

पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता।

तिरुपति लड्डू पर चंद्रबाबू और पवन की नये तरह की रथयात्रा

- सुशील कुट्टी

सर्वोच्च न्यायालय को आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण के बारे में ज्यादा चिंता रही होगी, जो सनातन धर्म को अपने भगवा रंग में पहनते हैं। पवन कल्याण और उदयनिधि स्टालिन दोनों ही अभिनेता-राजनेता हैं। वे टॉलीवुड और कॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर के दौरान देवताओं को राजनीति के साथ मिलाते रहे हैं।

तिरुपति के लड्डू सर्वोच्च न्यायलय के आदेश पर नियुक्त जांचकताओं की एक मिलीजुली टीम के मुंह में हैं। टीम में दो सीबीआई अधिकारी शामिल हैं। क्या इससे तिरुपति-तिरुमाला के भगवान वेंकटेश्वर को न्याय मिलने में तेजी आयेगी? टीम इसमें कितनी और कब तक सफल हो पायेगी? इस पर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि पिछले कुछ समय से सीबीआई की छवि बहुत खराब हो गई है। तिरुपति के लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किये गये घी में गोमांस की चर्बी, मछली का तेल और सूअर की चर्बी मिला हुआ पाया गया, जैसा कि एक जांच रपट के आधार पर दावा किया गया है, हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने अभी उसे पुख्ता प्रमाण नहीं माना है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू ने इस खोज को भगवान वेंकटेश्वर के संकेत के रूप में लिया और अपने पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ अभियान शुरू किया, जिसमें उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण सनातन धर्मावलंबियों की सेना का नेतृत्व कर रहे हैं।

यह सेना गाय को कूड़े के ढेर और प्लास्टिक के कचरे के लिए छोड़ देगी, लेकिन गोमांस सहित किसी भी 'गोमांस' से कभी कोई लेना-देना नहीं रखेगी। यह आस्था का मामला है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। शायद यह तमिलनाडु के नये उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के लिए संदेश हो, जिनके सनातन धर्म के खिलाफ कटु आलोचना से राजनेताओं और चिकित्सकों दोनों के ही समुदाय वाकिफ हैं। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय को आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण के बारे में ज्यादा चिंता रही होगी, जो सनातन धर्म को अपने भगवा रंग में पहनते हैं। पवन कल्याण और उदयनिधि स्टालिन दोनों ही अभिनेता-राजनेता हैं। वे टॉलीवुड और कॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर के दौरान देवताओं को राजनीति के साथ मिलाते रहे हैं।

कल्याण के टॉलीवुड में इसकी शुरूआत एनटी रामाराव के मुख्यमंत्री बनने से हुई, क्योंकि उनके धार्मिक-फिल्मी अभिनय ने उन्हें जनता की नजर में देवता बना दिया



था। तमिलनाडु में एमजीआर सबसे आगे थे।

तिरुपति तिरुमाला मंदिर ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। इन अभिनेताओं का करियर तिरुपति मंदिर में चढ़ाये गये प्रसाद के बल पर तेजी से आगे बढ़ा। पवन कल्याण जैसे किसी व्यक्ति ने हजारों-हजारों तिरुपति लड्डू चढ़ाये होंगे। उदयनिधि स्टालिन ने शायद ऐसा नहीं किया होगा, क्योंकि वे एक अलग राजनीतिक ढांचे से बने हैं। यही वह बात है, जिस पर सारा विवाद है।

यह इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच का मामला है। क्या राजनेता वास्तव में इस बात की परवाह करते हैं कि तिरुपति लड्डू बनाने में क्या-क्या होता है? शायद इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि देवताओं को राजनीति में न लाया जाये, जैसे कि देवता असहाय हों।

पवन कल्याण का मानना है कि 'हां', हिंदू देवता असहाय हैं। भगवान वेंकटेश्वर और उनके भक्तों को खिलाये गये लड्डू का हश्र देखिए। तिरुपति के लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले घी जैसी महत्वपूर्ण चीज भी बेअसर हो गई है और भगवान कुछ भी नहीं कर सकते। कोई आश्चर्य नहीं कि पवन कल्याण इतने भड़के हुए हैं और हथियार उठा रहे हैं।

अपने उत्साह और भक्ति में, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तिरुपति के लड्डू के इर्द-गिर्द शोर मचा दिया है। तिरुपति के लड्डू के इर्द-गिर्द आक्रोश को सनातन धर्म की संपूर्णता तक फैला दिया है और इस प्रक्रिया में, अपने हिंदू-द्वेषी तमिलनाडु के समकक्ष, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को निशाना बनाया है।

प्रतिक्रिया ठंडी थी। द्रमुक की ओर से कहा गया कि वह पार्टी 'किसी भी धर्म या विशेष रूप से हिंदू धर्म के बारे में बात नहीं करता है', लेकिन 'जाति अत्याचार, अस्पृश्यता और जाति पदानुक्रम के खिलाफ बात करना जारी रखेगा।' उपमुख्यमंत्रियों की लड़ाई में, यह इसे खत्म करने में मदद नहीं करता है। पवन कल्याण का कहना है कि तिरुपति के लड्डू में मिलावट 'हिमशैल की नोक' है और भ्रष्टाचार की जांच निष्कर्ष तक होनी चाहिए।

पवन कल्याण ने पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी पर निशाना साधने से पहले ही रोक लगा दी। उनकी मौखिक मिसाइलें केवल 'तमिलनाडु के नेता के लिए थीं, जो कहते हैं कि 'सनातन धर्म' एक वायरस की तरह है और इसे नष्ट किया जाना चाहिए।' उदयनिधि स्टालिन ने तर्क दिया है कि सनातन धर्म को मिटा दिया जाना चाहिए, न कि केवल इसका विरोध किया जाना चाहिए।

पवन कल्याण द्वारा उदयनिधि स्टालिन के हिंदू धर्म पर रुख पर विरोधी सख्त रुख अपनाने के साथ वह भगवान तिरुपति लड्डू को लेकर राजनीतिक विवाद में शामिल हो गये हैं। उनके पास अपनी मिसाइलों को दागने के लिए भाजपा का कंधा है। भाजपा, टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना दक्षिण भारत में देवताओं को राजनीति में लाने के लिए सबसे आगे हैं, भले ही सर्वोच्च न्यायालय कुछ भी कहे या न कहे। जहां तक उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का सवाल है, सनातन धर्म के 'नरसंहार' को रोका जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने तिरुपति में एक रैली में कहा, 'सनातन धर्म को मत कहो, यह वायरस की तरह है और नष्ट कर देगा। जिसने भी यह कहा, मैं आपको बता दूं कि आप सनातन धर्म को मिटा नहीं सकते। अगर कोई कोशिश करेगा... तो आप मिट जाएंगे।' 'मैं एक बेबाक सनातनी हिंदू हूं। मैं बहुत स्पष्ट हूं।' तो, क्या मंदिर की राजनीति दक्षिण में आ गई है? जिनके पास कई भगवान हैं, वे ईश्वरविहीन लोगों से लड़ रहे हैं। डीएमके ने पवन कल्याण और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू दोनों की निंदा की और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने के लिए उनकी आलोचना की। डीएमके के एक प्रवक्ता ने कहा कि पवन कल्याण, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और भाजपा 'हिंदू धर्म और मानवता के असली दुश्मन' हैं।

इसके साथ ही, डीएमके ने सनातन धर्म के अस्तित्व को स्वीकार किया है, न कि उसके उन्मूलन को। तो, क्या 'धर्म और हिंदू देवताओं का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करना' पेरियारवादियों और सनातनियों के बीच युद्ध का अगला स्तर है। पवन कल्याण 'सनातन धर्म' की रक्षा के लिए एक अखिल भारतीय समिति का गठन चाहते हैं और चेतावनी देते हैं कि 'किसी भी रूप में सनातन धर्म का अपमान' बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

तो, पवन कल्याण और सर्वोच्च न्यायालय अभिनीत इस फिल्म में 'बिगब्रदर इज वॉचिंग' की भूमिका कौन निभा रहा है, जिसमें उदयनिधि स्टालिन, जगन मोहन रेड्डी और चंद्रबाबू नायडू भी प्रमुख भूमिका में हैं? तिरुपति लड्डू की मुख्य भूमिका होगी, जिसमें ग्रामीण वातावरण पृष्ठभूमि के रूप में होगा, नायिका तिरुपति लड्डू के लिए घी प्राप्त करने के लिए दूध को मथती है।

सर्वोच्च न्यायालय को यकीन नहीं है कि तिरुपति लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किये गये घी में पशु वसा थी।

कुछ लोग कहेंगे कि शीर्ष अदालत को भी आस्था के मामलों से दूर रहना चाहिए, जब तक कि वह सभी धर्मों के खिलाफ समान व्यवहार न करे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उनके उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण दक्षिण भारत में एक नयी तरह की राजनीति की दिशा तय करने के लिए आडवाणी के रथ और सारथी की भूमिका निभा रहे हैं।

राजनीति में देवताओं को शामिल करना, जिसे न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने 'राजनीतिक नाटक' कहा है, हिंदू के लिए पुरानी बात है।

राहुल गांधी की अमेरिका में टिप्पणियां: सच या दुर्भावना

- राम पुनियानी

सिक्ख धर्म के हिंदू धर्म का हिस्सा होने के दावों का खंडन केहन सिंह की पुस्तक 'हम हिंदू नहीं' में किया गया है। यदि हम सिक्खों की परंपराओं पर ध्यान दें, तो उनमें सांप्रदायिक मेलजोल नजर आता है। स्वर्ण मंदिर की नींव मियां मीर ने रखी थी। सिक्ख धर्म बाबा फरीद और अन्य सूफी संतों का सम्मान करता है और साथ ही भक्ति संतों जैसे कबीर और रैदास का भी।

अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान राहुल गांधी (आरजी) ने लोगों के साथ कई बार बातचीत की। ऐसी ही एक बैठक के दौरान उन्होंने दर्शकों के बीच बैठे एक सिक्ख से उसका नाम पूछा। वे भारतीय राजनीति के दो ध्रुवों की चर्चा कर रहे थे और भारत में संकीर्ण कट्टरपंथी राजनीति के ज्यादा प्रबल और आक्रामक होने की ओर बात कह रहे थे। उन्होंने उन सज्जन की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि भारत में 'संघर्ष इस मुद्दे पर है कि उन्हें सिक्ख होने के नाते, पगड़ी पहनने दी जाएगी या नहीं, या कड़ा पहनने की इजाजत होगी या नहीं या वे एक सिक्ख के रूप में गुरूद्वारे जा पाएंगे या नहीं। लड़ाई इसी बात की है और यह मुद्दा सिर्फ उन तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी धर्मों के लिए प्रासंगिक है।'

यह स्पष्ट है कि सिक्खों का उदाहरण दिया जाना केवल एक संयोग था और उनका इशारा भारत में अल्पसंख्यकों को आतंकित करने की व्यापक प्रवृत्ति की ओर था। भाजपा के कुछ सिक्ख और अन्य नेताओं ने आरजी पर हमला किया और हमेशा की तरह उन पर राष्ट्रविरोधी, विभाजक होने सहित कई अन्य आरोप लगाए। इन आलोचनाओं में सांस्कृतिक अधिकारों और समाज के भिन्न-भिन्न तबकों के भिन्न आचार-व्यवहार के मुद्दे की जानबूझकर उपेक्षा की गई। इस अवसर का उपयोग भाजपा ने एक बार फिर आरजी पर हमला करने के लिए किया. वे पहले भी भाजपा के निशाने पर रह चुके हैं।

आरजी ने एक ट्वीट कर अपने सपनों के भारत की अवधारणा को स्पष्ट किया 'हमेशा की तरह भाजपा झूठ का सहारा ले रही है। वे मुझे

चुप कराना चाहते हैं क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। मैं हमेशा भारत को परिभाषित करने वाले मूल्यों के पक्ष में बोलता रहूंगा - अनेकता में एकता, समानता और आपसी प्रेम।'

आरजी की भावनाओं से बेखबर केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित एक लेख में लिखा कि सिक्खों को सिर्फ 1980 के दशक के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ा। उनका इशारा देश के कई हिस्सों, विशेषकर दिल्ली में हुए सिक्खों के नरसंहार की ओर था। उन्होंने आरजी के नजरिए को मोहम्मद अली जिन्ना जैसा बताया, जो देश का विभाजन करवाने पर तुले हुए थे। उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, जिनमें से बहुत से सिक्ख थे, की मांगों की कई महीनों तक पूरी तरह उपेक्षा की और उसके बाद ही किसान विरोधी कानूनों का वापिस लिया। उस दौरान हुए व्यापक विरोध में भाग लेने वाले सिक्खों को खालिस्तानी बताया गया था।

जहां तक 1984 के नरसंहार का सवाल है, उसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मनमोहन सिंह, जो एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे, ने इसके लिए क्षमाचायना की थी और हमारी अपेक्षा है कि हिंसा के दोषियों के विरूद्ध शीघ्रातिशीघ्र उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 1984 के अपराधियों को कई दशकों तक दंडित न किया जाना अत्यंत निंदनीय है।

इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया जाता कि आरएसएस-भाजपा इस नरसंहार के दौरान सिक्खों के बचाव के लिए आगे नहीं आए बल्कि, इसके विपरीत, शमसुल इस्लाम, जो भारत में कट्टरपंथ के जोर पकड़ने के विषय के प्रमुख अध्येताओं में से एक हैं। दावा करते हैं कि आरएसएस ने भी इस भयावह नरसंहार में भागीदारी की। ' इस आपराधिक मिलीभगत का महत्वपूर्ण प्रमाण आरएसएस के एक प्रमुख विचारक स्वर्गीय नानाजी देशमुख द्वारा 8 नवंबर 1984 को जारी किया गया 'अंतरात्मा की खोज का समय' शीर्षक वाला एक दस्तावेज है (जिसे जार्ज फनार्डीज द्वारा संपादित हिंदी पत्रिका प्रतिपक्ष में प्रकाशित किया गया था). इससे उन कई अपराधियों के चेहरों पर से नकाब हटाने में मदद मिल सकती है जिन्होंने बेकसूर सिक्खों के कत्ल किए और उनके साथ दुष्कर्म किया, जिनका इंदिरा गांधी की हत्या से कोई लेना-देना नहीं था। इस दस्तावेज से इस बारे में भी जानकारी मिल सकती है कि वे स्वयंसेवक कहां से आए थे, जिन्होंने योजनाबद्ध ढंग से सिक्खों की हत्याएं कीं। नानाजी देशमुख इस दस्तावेज में 1984 में सिक्खों के नरसंहार तो सही ठहराते नजर आते हैं।'

आरजी की आलोचना से जुड़ा एक मुद्दा और है। कई सिक्ख समूह इसे सिक्ख पहचान को मान्यता देने के स्वागतयोग्य कदम की तरह देख रहे हैं। पूर्व आरएसएस प्रमुख के. सुदर्शन ने एक वक्तव्य में कहा था कि सिक्ख धर्म वास्तव में हिंदू धर्म का एक पंथ (सम्प्रदाय) है और खालसा की स्थापना हिंदुओं की इस्लाम से रक्षा करने के लिए की गई थी। 2019 में मोहन भागवत ने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। इन दोनों वक्तव्यों के विरूद्ध कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी। इन वक्तव्यों से आरएसएस की मानसिकता भी पता चलती है। हम जानते हैं कि सिक्ख मात्र एक पंथ नहीं है बल्कि एक धर्म है; जिसकी स्थापना गुरू नानक देवजी ने की थी।

सदगुरु नवरात्रि उत्सव में दिखा गुजरात के गरबा के रंग

तीन सौ से अधिक प्रतिभागी दे रहे प्रस्तुति

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम सदगुरु महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जैन की अगुवाई में आयोजित हो रहा है।

मंगलवार को श्रीमती ऊषा जैन ने बताया कि 40 वर्षों से नवरात्रि उत्सव सदगुरु परिवार मनाया रहा है। विभिन्न प्रकार से मां भगवती की आराधना का क्रम जारी है। पहले ढोलक की थाप पर महिलायें गरबा नृत्य कर मां की आराधना करती थी। समय के साथ इस पर्व का स्वरूप और बढ़ गया। आज सदगुरु परिवार के छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं के साथ सभी प्रकाप के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष 16 टीमों में तीन सौ से अधिक हर उम्र के प्रतिभागी डंडिया-गरबा की प्रस्तुति नौ दिनों तक देंगे। कुछ टीमों की महाष्टमी को फाइनल प्रतियोगिता होगी, शेष की नवमी को होगी। इस वर्ष की प्रतिभागी टीमों में नन्ही परियां, बालगोपाल, सनातनी, मां अम्बे, जगदम्बे, ईश्वरी, वैशाली, विनायक, छलिया, सिद्धि, वीणावादिनी, वैदेही, अनन्ता, वैष्णवी, विराटेश्वरी व गुरुकृपा हैं। प्रतिदिन सर्वप्रथम सभी माताजी का थाल व आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसके बाद टीमों की प्रस्तुति का क्रम शुरू होता है। शक्ति आराधना के महापर्व नवरात्रि में ट्रस्टी डॉ बीके जैन, डॉ इलेश जैन व महिला समिति अध्यक्ष ऊषा जैन ने सभी को शुभकामनायें दी। प्रतिदिन होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेती बालिकायें।

29 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह ने सिपाही रामकेश, वीरेन्द्र कुमार के साथ रोशन आरख पुत्र रामलाल प्रसिद्धपुर पहाड़ी के कब्जे से 29 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ राजापुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह, सिपाही वीरेन्द्र कुमार व रामकेश आदि शामिल रहे।

जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने में मरीजों को हो रही दिक्कतें

लाइन में खड़े लोगों को करना पड़ता घंटों इंतजार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पांच सौ मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों को सबसे बड़ी परेशानी पर्चा कटवाने में हो रही है। संविदा पर काम कर रहे कर्मचारी सेटिंग के जरिए लोगों का दस रुपए लेकर पहले पर्चा काट रहे हैं, जबकि सुबह से लाइन में खड़े लोग घंटों इंतजार करते रह जाते हैं।

मंगलवार को अस्पताल में मौजूद द्वारिका प्रसाद ने बताया कि सवेरे आठ बजे से लाइन में खड़ा हूं। चार घंटे बाद भी मेरा नंबर नहीं आया। संविदा कर्मियों से बहस के बाद ही मेरा पर्चा नहीं बना। तीमारदारों ने कहा कि वे कई बार इस अव्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर चुके हैं। कोई सुधार नहीं हुआ। अस्पताल पहले से ही रेफर सेन्टर के नाम से बदनाम है। मरीजों का इलाज कराने के बजाय उन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर किया जाता है। साफ-सफाई की स्थिति भी दयनीय है। जगह-जगह गंदगी फैली है। दलालों का बोलबाला होने से मरीज और उनके परिजन बेहद परेशान हैं। जिला प्रशासन की ओर से कई बार सुधार के प्रयास हुए, लेकिन अब तक व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है।

अस्पताल में पर्चा बनाते कर्मी।

सडक हादसे में महिला समेत एक वर्षीय बालिका की मौत

अखंड भारत संदेश

राजापुर/चित्रकूट। नगर पंचायत राजापुर के वार्ड-13 रामनगर-कमासिन रोड मिश्रन पुरवा के पास एक महिला समेत एक वर्षीय बालिका की हादसे में मौत हो गई। मंगलवार को अपरान्ह तीन बजे पनौती के शिवचरित राजपूत पुत्र कंचन अपनी पत्नी संतोषिया (30), पारिवारिक भाई अमरनाथ (25) पुत्र राम प्रसाद के साथ मोटरबाइक से राजापुर के एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में सहायता समूह में हस्ताक्षर करने को जा रहे थे। मिश्रन पुरवा के पास कमासिन की ओर से आ रहे हार्वेस्टर से जोरदार भिडन्त हो गई। इससे संतोषिया पत्नी शिवचरित राजपूत तथा पुत्री उपासना की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मोटरबाइक चालक अमरनाथ पुत्र राम प्रसाद मृतिका के पति शिवचरित गंभीर घायल हो गए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में चल रहा है। घटना स्थल में मौजूद कनकोटा प्रधान जगदीश शुक्ला ने प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह, कन्हैया बक्स सिंह, सिपाही प्रकाश मिश्रा मौके में पहुंचकर दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। हार्वेस्टर को कब्जे में ले लिया गया। घटना के बाद चालक फरार हो गया है, तलाश जारी है। गांव के श्यामू सिंह ने बताया कि मृतका के एक पुत्र शिवम (6), पुत्री उमा (4) है। घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

कृषि मंत्री का हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कृषि शिक्षा व कृषि अनुसंधान विभाग के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जिले के एयरपोर्ट में स्वागत हुआ।

मंगलवार को एयरपोर्ट पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, सीओ सिटी राजकमल समेत अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने भगवान कामतानाथ की पूजा-अर्चना की। मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों से जिले की फसलों, बीज, उर्वरक आदि बाबत जानकारी की।

कृषि मंत्री का स्वागत करते डीएम आदि।

विद्यार्थी परिषद देश के शिक्षण संस्थानों में कर रहा कार्यः शिवम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत का जिला अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर में सम्पन्न हुआ। प्रवासी बतौर कानपुर प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष अजय आर्य व बांदा के विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय मौजूद रहे। अभ्यास वर्ग में कार्यपद्धति, कार्यकर्ता विकास, समारोह सत्रो से कार्यकर्ताओं को जागरूक किया।

मंगलवार को अभाविप कानपुर के प्रांत उपाध्यक्ष अजय आर्या ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से व्यक्तित्व निर्माण किया जा सकता है। अभाविप अपने स्थापना काल से देश के पुर्ननिर्माण के ध्येय को लेकर कार्य कर रहा है। स्वामी विवेकानन्द के विचारों को लेकर कार्य करता है। बांदा के विभाग संगठन मंत्री शिवम ने विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति के बारे में बताया कि किसी भी संगठन का मूल कार्य पद्धति होती है। इससे संगठन का विस्तार किया जाता है। विद्यार्थी परिषद अपने कार्य पद्धति से पूरे देश के शिक्षण संस्थानों में कार्य कर रहा है। जिला संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद प्रतिभाओं को सम्मानित करने को प्रतिभा सम्मान जैसे कार्यक्रम करता है। अपने विभिन्न गतिविधि व आयामों से संपूर्ण समाज में कार्य कर रहा है। एसएफएस से सेवा का कार्य, एसएफडी से पर्यावरण संरक्षण के कार्य, राष्ट्रीय कला मंच से प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य, खेलो भारत से विद्याथियों में खेल की भावना जगाकर उनको प्रतियोगिताओं से बढाने का कार्य कर रहा है। जिला अभ्यास वर्ग में जिले की चारों तहसीलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।इस मौके पर कर्वी नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, जिला संयोजक तेज प्रकाश, तहसील संयोजक नितेश, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या, नगर सह मंत्री प्रशांत त्रिपाठी, दुर्गेश, नगर सोशल मीडिया संयोजक आयुष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अभ्यास वर्ग में मौजूद छात्र-छात्रायें।

चित्रकूट टूरिज्म एप लांचः पर्यटकों को मिलेगी पूरी जानकारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भगवान श्रीराम के वनवास काल का महत्वपूर्ण स्थल चित्रकूटधाम अब विश्व पर्यटन के नक्शे पर अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है। उप्र पर्यटन विभाग ने इस ऐतिहासिक तीर्थस्थल को वैश्विक स्तर पर लाने व पर्यटकों को आकर्षण का केंद्र बनाने को चित्रकूट टूरिज्म एप लांच किया है।

मंगलवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ये एप पर्यटकों व श्रद्धालुओं को अत्यंत सहायक साबित होगा। एप में चित्रकूट के प्रमुख दर्शनीय स्थलों की जानकारी, उनके महत्व, दर्शन का समय, वहां तक पहुंचने के मार्ग सभी विवरण शामिल हैं। एप से पर्यटक ठहरने, यात्रा दौरान आवश्यक सेवाओं की जानकारी है।

चित्रकूट टूरिज्म एप में रामघाट, कामदगिरि पर्वत, भरत मिलाप मंदिर, हनुमान धारा पवित्र स्थलों की जानकारी है। महाकुंभ, चित्रकूट महोत्सव, रामनवमी, राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजनों की तिथियां व विशेष स्नान की जानकारी दी गई है। वायुमार्ग, रेलमार्ग या सड़क मार्ग किसी से यात्रा करने वाले पर्यटकों को एप में चित्रकूट तक पहुंचने के सभी मार्गों की विस्तार से जानकारी है। ठहरने की सूची के साथ बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। उप्र विभाग के इस कदम ने पर्यटकों को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। चित्रकूट को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में उभारने में मदद करेगा। आगामी दिनों में चित्रकूट में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है।

पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

पुलिस ने दबोचे दो जुआरी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा मोहम्मद जुबैर खा ने दीवान आशाराम के साथ अर्जुन पुत्र दिनेश व शिवमूरत पुत्र बजरंगा बांधी रैपुरा को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से चार सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में साढे तीन सौ रुपये बरामद हुए। जुआरियों के खिलाफ रैपुरा थाने मे जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मोहम्मद जुबैर खा व दीवान आशाराम शामिल रहे।

एचआईवी पॉजिटिव रोगियों को बांटी पोषण किट

इलाज नियमित करायें, कोई संकोच न करेंः शैलेन्द्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में अग्रणी संस्था सेवा भारती ने एचआईवी पॉजिटिव रोगियों महिला-पुरुष व बच्चों को पोषण किट बांटकर समाज से जोड़ने का पुनीत कार्य किया।

मंगलवार को जिला अस्पताल में सभी रोगियों को दलिया, केला, बिस्किट, पानी की बोतल, कॉपी, पेंसिल, खेल किट, टिफिन, सोयाबीन की बड़ी आदि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बांटा। सभी रोगियों को सरकार से मिलने वाली योजनाओं के लाभ की जानकारी देकर मदद का भरोसा दिया। सेवा भारती जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे ने कहा कि बच्चों को शिक्षा-स्वास्थ्य में किसी तरह की जरूरत हो तो खुले मन से अपनी बात कहें। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि शासन से मिलने वाली मदद को किसी भी समय फोन या ऑफिस में आकर संपर्क कर सकते हैं। विधवा, पेंशन, वृद्धा पेंशन, सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली राशि बाबत मदद दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सभी रोगी अपना इलाज नियमित रूप से करायें, कोई संकोच नहीं करें। अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं है। बीमारी को दिमाग में न पनपने दें, संयम बरतें, सब ठीक हो जाएगा। सेवा भारती जिला प्रचार प्रमुख शंकर यादव ने मौजूद अतिथियों व स्टाफ तथा सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सेवा भारती जिलाध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला, जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे, जिला प्रचार प्रमुख शंकर यादव, कोषाध्यक्ष राजकिशोर त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, काउंसलर रवि मिश्रा, एसटीआई संदीप कुमार, जीपीटीसीटी अशोक कुमार गुप्ता, गुड़िया एएनपी, स्टाफ नर्स सुमित्रा गर्ग, पीपीटीसीटी राखी शुक्ला, सुषमा खरे परिवार कल्याण, आईसीटीसीटी अंजयन सिंह, एलटी सत्य प्रकाश, बृजेश कुमार, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

रोगियों को किट बांटते अधिकारी।

निरीक्षण करते एएसपी।

एएसपी ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में एएसपी ने पुलिस कर्मियों की ड्रिल देखी। मंगलवार को एएसपी ने परेड बाद शास्त्रों को जांचा। पुलिस लाइन का भ्रमण कर मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, आरओआईपी डायल 112, रेडियो कन्ट्रोल रूम, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। कर्मचारियों का अर्दली रूम किया। इस मौके पर सीओ प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई/आईजीआरएस में चित्रकूट पुलिस प्रथम

चित्रकूट। जनसुनवाई/आईजीआरएस पोर्टल में समस्याओं के जल्द निस्तारण को शासन स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। सितम्बर माह में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण बाबत समीक्षा में पुलिस को उप्र के सभी 75 जिलों में प्रथम स्थान मिला है। मंगलवार को एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों का पालन कराते हुये कड़ी मेहनत की। सितम्बर माह में मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी/संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जिले की पुलिस ने सभी संदर्भों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया। आईजीआरएस शाखा में तैनात सिपाही मानवेन्द्र सिंह व महिला सिपाही अनीशा बानो, महिला सिपाही मीरा तथा जिले के सभी थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर सभी संदर्भों की आनलाइन फीडिंग कर निस्तारण में अहम भूमिका निभायी। इससे जिले को जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिले के सभी 12 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

हनुमान मंदिर पर दबंग कर रहे कब्जा

पुजारी के भाई से मारपीट, पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के भाभोर व मकरी पहरा के बीच स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दबंगों ने कब्जा करने का प्रयास किया। मंदिर के पुजारी ने इसका विरोध किया तो उनके भाई पर हमला कर दिया गया। मंगलवार को पुजारी ने बताया कि आरोपी श्रीराम यादव व सोनू यादव ने उनके भाई की कनपटी पर तमंचा रखकर उन्हें धमकाया। पांच हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। इस दौरान उनसे जमकर मारपीट की गई। कहा कि मंदिर की भूमि दस बीघा छह बिस्वा है। जिस पर दबंगों की नजर है। पुजारी के विरोध पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद पुजारी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी ने उनकी शिकायत दर्ज करने से मनाकर दिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है।

पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। पुजारी व उनके परिवार ने दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। स्थानीय लोगों ने कहा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

जानकारी देते पुजारी।

मुईजु की भारत यात्रा से क्या बदल गए भारत-मालदीव रिश्ते

नई दिल्ली/मालदीव

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुईजू भारत के पांच दिवसीय दौरे पर हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी बातचीत के बाद कई घोषणाएं की गईं, लेकिन यात्रा के सभी उद्देश्य किस सीमा तक पूरे हो पाए हैं, यह कहना मुश्किल है.

मुईजू के दिल्ली आने पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किया. राष्ट्रपति भवन में उनका और उनकी पत्नी सजिदा मुहम्मद का औपचारिक स्वागत किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों ने उनसे मुलाकात की.

हालांकि स्वागत के दौरान मोदी ने मुईजु को गले नहीं लगाया, सिर्फ उनसे हाथ मिलाए. मोदी दुनियाभर के नेताओं को मिल कर गले लगाने के लिए जाने जाते रहे हैं.

नई दिल्ली में स्थित हैदराबाद हाउस में मोदी और मुईजु के नेतृत्व में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद दोनों नेताओं ने मीडिया के सामने बयान दिए. मोदी ने कहा कि भारत मालदीव के लिए संकट के समय "फर्स्ट रेस्पॉन्डर" यानी सबसे पहले मदद देने वाला देश रहा है, चाहे वो संकट पीने के पानी का रहा हो या कोविड का टीके का.

मुईजु ने अपने बयान में कहा, "मालदीव हमारे देशों और हमारे इलाके की शांति और विकास के लिए प्रतिबद्ध एक मित्र बना रहेगा." दोनों देशों के बीच कई तरह की सहयोग परियोजनाओं की घोषणा की गई. बताया गया कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर चर्चा शुरू कर दी गई है. इसके अलावा बेंगलुरु में मालदीव का वाणिज्यिक दूतावास और मालदीव के अद्दू में भारत का वाणिज्यिक दूतावास खोलने पर भी चर्चा शुरू की जाएगी.

एक साल पहले बिगड़े थे रिश्ते

दोनों देशों के रिश्ते नवंबर 2023 में मुईजू के मालदीव का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ही बिगड़ने लगे थे. सत्ता संभालने ही उन्होंने "भारत प्रथम" नीति को समाप्त करने का संकल्प लिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए. मुईजू ने दर्जनों भारतीय सैनिकों को देश छोड़ने का आदेश भी दिया, जो मालदीव में भारत के कुछ विमानों के रखरखाव के लिए तैनात थे. विमान अभी भी वहीं हैं लेकिन उनके रखरखाव के लिए अब सैनिकों की जगह सिविलियन तैनात हैं.

भारतीय सैनिकों की वापसी के बाद मालदीव ने चीन के साथ एक "सैन्य सहायता" समझौते पर हस्ताक्षर किए. इसके अलावा, मालदीव ने हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पर भारत के साथ 2019 के समझौते को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया. साथ ही, 2024 की शुरूआत में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप के आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने की बात की, तो मुईजू सरकार के कुछ मंत्रियों ने मोदी और भारत के बारे में अपमानजनक बयान दिए.

इसके बाद बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार करने की अपील भी की, जिससे मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में काफी गिरावट आई. हालांकि बीते कुछ महीनों से मुईजू सरकार ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने की दिशा में काम करना शुरू किया है.

इसी साल मई में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत आए थे और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की थी. फिर जून में लोकसभा चुनावों के बाद मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए जिन देशों के नेताओं को निमंत्रण दिया गया, उनमें मुईजू भी थे. इस लिहाज से यह मुईजू की पांच महीनों में दूसरी भारत यात्रा है.

भारत से फिर से मिल रहा सहयोग

जानकारों का कहना है कि मुईजू और मोदी की मुलाकात और उसके बाद की गई घोषणाएं दिखाती हैं कि दोनों देशों के रिश्ते नया मोड़ ले रहे हैं. भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संस्थान मनोहर परिकर इंस्टिट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस की एसोसिएट फेलो गुलबिन सुल्ताना कहती हैं कि भारत ने मालदीव की काफी मदद भी की है और दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्र भी चिन्हित किए गए हैं.

उन्होंने डीडब्ल्यू को बताया, "दोनों देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापारिक लेन देन की शुरूआत करने पर सहमत हो गए और यह काफी महत्वपूर्ण होगा, विशेष रूप से ऐसे समय में जब मालदीव विदेशी मुद्रा के संकट से गुजर रहा है." गुलबिन ने इस ओर भी ध्यान दिलाया कि भारत ने मालदीव की अर्थव्यवस्था के विविधीकरण के प्रयासों को भी समर्थन देने का फैसला किया है.

इसके तहत भारत कृषि, मछलीपालन, 'ओशियेनोग्राफी और ब्लू इकॉनमी' जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास में मालदीव का सहयोग करेगा. गुलबिन इसे काफी महत्वपूर्ण घोषणा मानती हैं.

मालदीव की अर्थव्यवस्था इस समय आर्थिक संकट से गुजर रही है

ईरान की परमाणु साइट निशाने पर नहीं... अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में खुलासा

तेल अवीवः इस महीने की शुरूआत में ईरान ने इजरायल पर बड़ा हमला करते हुए सैकड़ों मिसाइल दागी थीं। ईरान के हमले के बाद कई एक्सपर्ट ने ऐसा अंदेशा जताया है कि इजरायल तेहरान की न्यूक्लियर साइट को निशाना बना सकता है। इन अंदेशों के बीच न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि इजरायल के प्लान में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला शामिल नहीं है।

अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि ईरान के मिसाइल हमले के जवाब में इजरायल की प्रतिक्रिया उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं होगी। इसके बजाय इजरायल के निशाने पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के सैन्य ठिकानों और ईरान की खुफिया साइट हैं। आने वाले समय में इजरायल इनको निशान बना सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल अपनी प्रतिक्रिया में अमेरिका का समर्थन चाहता है। बाइडन प्रशासन ने परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों को अस्वीकार करते हुए कहा है कि क्षेत्र को पूर्ण पैमाने पर युद्ध में धकेल देंगे।

ऐसे में इस तरह के अटैक से बचा जाए, हालांकि अगर ईरान नए हमले करता है तो परमाणु प्रतिष्ठानों को टारगेट बनाने पर विचार किया जा सकता है।

रिपोर्ट में पेंटागन के अधिकारियों को भी इस बात पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए बताया कि क्या इजरायल अकेले ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट में पूर्व और वर्तमान वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों का भी हवाला दिया गया है जिन्होंने इस बात पर संदेह जताया है । कि इजरायल वास्तव में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा सकता है।

हिजबुल्लाह का एक और कमांडर ढेर, लेबनान में तेज होगा इजरायली ग्राउंड ऑपरेशन

बेरूतः इजरायल ने बेरूत पर हमला करके हिजबुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सुहैल हुसैनी को मार गिराया गया है। इजरायली सेना मंगलवार को इसकी घोषणा की और कहा कि सोमवार को इजरायली वायुसेना ने एक सटीक हमले में हुसैनी को निशाना बनाया। हुसैनी बेरूत स्थित हिजबुल्लाह के मुख्यालय का कमांडर और जिहाद परिषद का सदस्य था। इजरायली सेना ने बताया वह समूह की रसद प्रबंधन की देखरेख करता है, जिसमें ईरा से हथियारों की सप्लाई भी शामिल है।

हिजबुल्लाह ने कई शीर्ष नेता खत्म

अभी तक हिजबुल्लाह ने अपने कमांडर की मारे जाने को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। पिछले महीने के आखिर में इजरायल ने दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर भीषण बमबारी शुरू की थी, जो अब तक जारी की है। इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह समेत इसके लगभग सारे शीर्ष नेता मारे गए हैं। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके मारे गए कमांडरों की जगह नई तैनाती कर दी है।

युद्धविराम, युद्धविराम, युद्धविराम... इजरायल की मार से बिलबिलाया हिजबुल्लाह

बेरूतः इजरायल की मार से कराह रहे हिजबुल्लाह ने लेबनान में युद्ध विराम के प्रस्तावों का समर्थन किया है। हिजबुल्लाह ने कहा कि बातचीत के जरिए युद्ध विराम का रास्ता खुला हुआ है। हिजबुल्लाह के उप नेता नईम कासिम ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि वह युद्ध विराम को लागू करने के प्रयासों का समर्थन करते हैं। यह पहली बार है, जब हिजबुल्लाह ने लेबनान-इजरायल सीमा पर लड़ाई को रोकने के लिए गाजा में युद्ध की समाप्ति का उल्लेख नहीं किया। इससे पहले हिजबुल्लाह की पहली मांग गाजा में सीजफायर ही रही है।

हिजबुल्लाह ने किया युद्धविराम का समर्थन

कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह, लेबनानी संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी के लड़ाई को रोकने के प्रयासों का समर्थन करता है। कासिम ने अपने 30 मिनट के टेलीविजन संबोधन में कहा, "हम युद्ध विराम के नाम पर बेरी द्वारा की जा रही राजनीतिक गतिविधि का समर्थन करते हैं।" यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह रुख में किसी बदलाव का संकेत है, एक साल के बाद जब समूह ने कहा है कि वह गाजा में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन में लड़ रहा है, और वहां युद्ध विराम के बिना नहीं रुकेगा।

हिजबुल्लाह बोला- इजरायल के कई शहर जद में

एक अज्ञात स्थान से पर्दे के सामने बोलते हुए, कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच संघर्ष एक युद्ध है कि कौन पहले चिल्लाता है, और हिजबुल्लाह

पहले नहीं रोएगा। इजरायल से "दर्दनाक प्रहारों" के बावजूद समूह की क्षमताएं बरकरार हैं। "हम उन पर हमला कर रहे हैं। हम उन्हें चोट पहुंचा रहे हैं और हम समय बढ़ाएंगे। दर्जनों इजरायली शहर हमारी की मिसाइलों की रेंज के भीतर हैं। हम आपको आश्वस्त करते हैं कि हमारी क्षमताएं ठीक हैं।"

इजरायल ने हिजबुल्लाह की कमर तोड़ी

उनका टेलीविजन संबोधन हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह की हत्या के 11 दिन बाद आया है, जो दशकों में इजरायल द्वारा अपने दुश्मन को दिया गया सबसे विनाशकारी झटका है। हिजबुल्लाह के एक अन्य वरिष्ठ नेता, हाशेम सफीद्दीन, जिन्हें नसरल्लाह के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है, पिछले सप्ताह इजरायली हवाई हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए हैं। इजरायल ने मंगलवार को हिजबुल्लाह के एक और वरिष्ठ व्यक्ति को मारकर और दक्षिणी लेबनान में नए अभियान शुरू कर-के उस पर दबाव बनाए रखा।

पाकिस्तान के लिए सिरदर्द कैसे बन गया 'शांतिदूत' जाकिर नाइक

इस्लामाबादः विवादित धार्मिक उपदेशक जाकिर नाइक एक बार फिर गलत कारणों से सुर्खियों में है। जाकिर नाइक इन दिनों पाकिस्तान की एक महीने की यात्रा पर है। इस दौरान वह इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में इस्लाम पर तकरीरें कर रहा है। लेकिन, इस दौरान वह अपनी गलतबयानी और निंदनीय हरकतों के कारण पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। एक तरफ जहां पाकिस्तान के इस्लामी कट्टरपंथी जाकिर नाइक का इस्तकबाल कर रहे हैं, वहीं कुछ पाकिस्तानी ऐसे भी हैं, जिन्हें उसकी आदतें बिलकुल पसंद नहीं आ रही हैं। वह पाकिस्तान की धरती से पाकिस्तान की आलोचना कर रहा है और भारत की तारीफ। इसके अलावा वह पाकिस्तान की लड़कियों के प्रति अपने व्यवहार को लेकर भी आलोचकों के निशाने पर है।

भगोड़े और नफरत फैलाने वाले धार्मिक उपदेशक जाकिर नाइक ने पहले को पाकिस्तानियों के सामने उनकी सरकारी एयरलाइन पीआईए की आलोचना की। इसके बाद उसने एक पश्तून लड़की के सवाल पूछने पर उसे भरी मंच से बहुत जलील किया। इतना ही नहीं, जाकिर नाइक ने अनाथ लड़कियों

को लेकर भी ऐसा व्यवहार किया, जिसे देखकर सिर्फ पाकिस्तानी ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोग गुस्सा हो गए। जाकिर नाइक इतना कट्टर है कि उसके लिए मानवता नाम की किसी भी चीज का कोई मतलब नहीं है। वह अपने भाषणों में महिलाओं के सवाल पूछने पर गुस्सा होता है और उन्हें जबरन माफी मांगने को मजबूर भी करता है। कराची में समर्थकों को संबोधित करते हुए, नाइक ने मलेशिया से देश की यात्रा के दौरान अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क माफ न करने और इसके बजाय उन्हें 50 प्रतिशत की छूट देने के लिए पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की आलोचना की। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस या पीआईए पाकिस्तान की सरकारी विमानन कंपनी है। उसने कहा, "जब मैं पाकिस्तान आ रहा था, तो हमारे सामान का वजन करीब 1,000 किलोग्राम था।"

पाकिस्तनियों की पाकिस्तान में की आलोचना

जाकिर नाइक बोला, "मैंने पीआईए के सीईओ से बात की। स्टेशन मैनेजर ने मुझे भरोसा दिलाया कि वह मेरे लिए कुछ भी कर सकते हैं। जब मैंने उन्हें बताया कि मेरे पास 500 से 600 किलोग्राम अतिरिक्त सामान है और मेरे साथ छह लोग यात्रा कर रहे हैं, तो उन्होंने मुझे 50 प्रतिशत छूट की पेशकश की। मैंने उनसे कहा कि मैं चार और लोगों को साथ ले जाऊंगा।

अजरबैजान के साथ तुर्की, आर्मेनिया संग खुलकर आए भारत और फ्रांस, मिसाइल-ड्रोन की ताकत देख घबराए पड़ोसी

येरवानः आर्मेनिया ने अजरबैजान से दोनों देशों में तनाव कम करने के लिए हथियार नियंत्रण उपाय को लागू करने की अपील की है। सोमवार को आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय के प्रेस सचिव एनी बडालियन ने एक बयान में कहा है कि हमने बार-बार प्रस्ताव दिया है लेकिन अजरबैजान चर्चा से बच रहा है, इसीलिए ये मुद्दा सुलझ नहीं पा रहा है। दरअसल आर्मेनिया और अजरबैजान में बीते कई वर्षों से तनातनी चल रही है। तनातनी के बीच दोनों देश अपने हथियार बढ़ाने में लगे हैं। हथियारों की इस होड़ में आर्मेनिया को फ्रांस और भारत से मदद मिल रही है तो अजरबैजान को पाकिस्तान और तुर्की से हथियार मिल रहे हैं।

यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आर्मेनिया ने बार-बार अजरबैजान को आपसी हथियार नियंत्रण तंत्र बनाने की पेशकश की है। अजरबैजान ने आर्मेनिया के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी करते प्रस्ताव का जवाब नहीं दिया है। आर्मेनिया की ओर से यह बयान 5 अक्टूबर को अजरबैजान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अयखान हाजीजादे की टिप्पणियों के बाद आया है, उन्होंने आर्मेनिया के हथियार जुटाने को खतरनाक करार

दिया था।

आर्मेनिया और अजरबैजान बढ़ा रहे हथियार

आर्मेनिया और अजरबैजान में दशकों से झड़प होती रही हैं। झड़पों के बाद 2020 में अजरबैजान ने दूसरा कराबाख युद्ध शुरू करते हुए एक सैन्य आक्रमण शुरू किया। उसने अर्मेनियाई सुरक्षा को भेदते हुए 44 दिन के युद्ध के बाद जीत हासिल की। इस दौरान अजरबैजान ने सात जिलों और एक-तिहाई कराबाख पर नियंत्रण हासिल कर लिया।

2020 के बाद से आर्मेनिया और अजरबैजान दोनों ने अपने सैन्य खर्च में काफी वृद्धि की है। आर्मेनिया का रक्षा बजट 2020 में 669 मिलियन डॉलर का था, जो 2021 में 678 मिलियन डॉलर और 2024 के लिए बजट 1.4 बिलियन डॉलर निर्धारित है। अजरबैजान ने भी रक्षा व्यय में वृद्धि की है। 2020 में देश का सैन्य बजट 2.2 बिलियन डॉलर था, जो 2024 के लिए इसे 3.7 बिलियन डॉलर निर्धारित किया गया है।

दोनों देश खरीद रहे हथियार

आर्मेनिया ने भारत, फ्रांस, ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत किया है। दूसरी ओर अजरबैजान ने 2021 में तुर्की के साथ शुशी घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

इसके अतिरिक्त अजरबैजान ने उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और सर्बिया के साथ भी सैन्य सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। आर्मेनिया को फ्रांस से कई अहम हथियार मिले हैं।

दुश्मन भी जानता है फिर हम क्या करेंगे... इजरायल के जवाबी हमले की अटकलों के बीच ईरान ने नेतन्याहू को दी खुली धमकी

तेहरानः इस महीने की शुरूआत में हुए ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजरायल ने कई बार दोहराया है कि वह इस अटैक का बदला लेगा। इजरायल ने ऐसे संकेत दिए हैं कि उसकी ओर से ईरान की न्यूक्लियर साइट, सैन्य ठिकाने या बुनियादे ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। इजरायल के आक्रामक रुख को देखते हुए ईरान ने भी कड़ी चेतावनी दे दी है। ईरान ने साफ कहा है कि अगर इजरायल ने कोई हरकत की तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने इजरायल को हमला करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा है कि इस बार ज्यादा शक्तिशाली'जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मंगलवार को ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने एक टेलीविजन भाषण में इजरायल को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरानी बुनियादी ढांचे पर किसी भी हमले का जवाब अधिक मजबूत जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा।

'इजरायल के अहम ठिकाने हमारे टारगेट पर'

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, 'हम इजरायली शासन को सलाह देते हैं कि वह इस्लामिक रिपब्लिक ईरान के संकल्प का परीक्षण न करे। अगर हमारे देश के खिलाफ कोई हमला होता है, तो हमारी प्रतिक्रिया और भी शक्तिशाली होगी। हमारे दुश्मन जानते हैं कि उनके अंदर किस तरह के लक्ष्य हमारी पहुंच में हैं।' ईरान की ओर से ये बयान ऐसे समय आया है, जब इजरायल की ओर से ईरान के लिए आक्रामक बयानबाजी की जा रही है। माना जा रहा है कि इजरायल फिलहाल ईरान पर जवाबी कार्रवाई के लिए अमेरिका के समर्थन की जुगत में है। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट भी स्थिति पर चर्चा के लिए अमेरिका जा रहे हैं।

इजरायल सावधानी से उठाएगा अगला कदम

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि इजरायल ने अभी तक यह तय किया है कि कैसे जवाब देना है। बाइडन का इजरायल को समर्थन साफ है लेकिन उन्होंने ईरान के परमाणु कार्यक्रम या ऑइल फैसिलिटी पर हमला ना करने का आग्रह किया है क्योंकि इससे व्यापक संघर्ष शुरू हो सकता है और ऊर्जा की कीमतें बढ़ सकती हैं।

युद्ध में घिरे इजरायल में रह रहे भारतीयों ने बताए वहां के हालात

सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के प्रमुख विलियम बर्न्स ने कहा कि इजरायल बहुत सावधानी से विचार कर रहा है कि ईरान के हमले का जवाब कैसे देगा। वह व्हाइट हाउस की चिंताओं को भी ध्यान में रखेगा। बर्न्स ने किसी पक्ष के गलत निर्णय लेने के परिणामों पर कहा कि हम संघर्ष के वास्तविक खतरे का सामना कर रहे हैं।

अजरबैजान के साथ तुर्की, आर्मेनिया संग खुलकर आए भारत और फ्रांस

येरवानः आर्मेनिया ने अजरबैजान से दोनों देशों में तनाव कम करने के लिए हथियार नियंत्रण उपाय को लागू करने की अपील की है। सोमवार को आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय के प्रेस सचिव एनी बडालियन ने एक बयान में कहा है कि हमने बार-बार प्रस्ताव दिया है लेकिन अजरबैजान चर्चा से बच रहा है, इसीलिए ये मुद्दा सुलझ नहीं पा रहा है। दरअसल आर्मेनिया और अजरबैजान में बीते कई वर्षों से तनातनी चल रही है। तनातनी के बीच दोनों देश अपने हथियार बढ़ाने में लगे हैं। हथियारों की इस होड़ में आर्मेनिया को फ्रांस और भारत से मदद मिल रही है तो अजरबैजान को पाकिस्तान और तुर्की से हथियार मिल रहे हैं। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आर्मेनिया ने बार-बार अजरबैजान को आपसी हथियार नियंत्रण तंत्र बनाने की पेशकश की है। अजरबैजान ने आर्मेनिया के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी करते प्रस्ताव का जवाब नहीं दिया है।

इजरायली एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर के कमांडर की मौत, आईडीएफ का दावा

यरूशलम। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी की हत्या की घोषणा की। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि इजरायली वायु सेना ने बेरूत क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर सटीक कार्रवाई की जिसमें हुसैनी की मौत हो गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हेडक्वार्टर, संगठन के भीतर रसद की देखरेख करता है और संगठन में विभिन्न इकाइयों के बजट और प्रबंधन का प्रभारी है।

आईडीएफ ने एक बयान में कहा गया कि हुसैनी ने ईरान और हिजबुल्लाह के बीच हथियारों के ट्रांसफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और वह हिजबुल्लाह यूनिट्स के बीच हथियारों के वितरण के लिए जिम्मेदार था।

बयान के मुताबिक हुसैनी जिहाद परिषद, हिजबुल्लाह की सीनियर मिलिट्री लीडरशिप काउंसिल का सदस्य भी था।

आईडीएफ के मुताबिक हुसैनी, हिजबुल्लाह के सबसे खास प्रोजेक्ट के बजट और रसद प्रबंधन के लिए जिम्मेदार था, जिसमें संगठन की युद्ध योजनाएं और अन्य विशेष अभियान शामिल हैं। हिजबुल्लाह ने हमले पर तुरंत टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, स्थानीय मीडिया के अनुसार, उसने रात में इजरायल की विदेशी खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय के पास एक सैन्य अड्डे पर रॉकेट दागे जाने की जिम्मेदारी ली।

23 सितंबर से, इजरायल ने लेबनान में हवाई हमले तेज कर दिए। उसका कहना है कि यह कार्रवाई लेबानानी संगठन हिजबुल्ला के खात्मे के लिए की जा रही है।

27 सितंबर को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में एक महत्वपूर्ण हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और उसके कई सहयोगी मारे गए। वहीं इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में जमीनी सैन्य अभियान भी शुरू कर दिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।